CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, बुधवार 31 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 270 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# भारत के पिनाका रॉकेट की पहली फ्लाइट टेस्टिंग सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 120 किमी रेंज, टारगेट पर सटीक अटैक किया
- भारतीय सेना में शामिल करने की भी मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट (एलआरजीआर-120) की पहली सफल फ्लाइट टेस्टिंग की।

इस दौरान रॉकेट को उसकी अधिकतम 120 किलोमीटर रेंज तक दागा गया। उड़ान के दौरान रॉकेट ने सभी तय इन-फ्लाइट मैन्युवर सफलतापूर्वक पूरे किए और निर्धारित लक्ष्य पर सटीक वार किया। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग सिस्टम ने उड़ान के पूरे रूट के दौरान रॉकेट की निगरानी की। यह सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया। खास बात यह रही कि 120 किलोमीटर रेंज वाले इस रॉकेट का पहला टेस्ट उसी दिन हुआ, जब रक्षा मंत्रालय के रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इसे भारतीय सेना में शामिल करने की मंजूरी दी। डीएसी की बैठक सोमवार दोपहर में हुई थी। इसमें 79 हजार करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मिसाइलें, रॉकेट, रडार सिस्टम शामिल हैं। पिनाका सिस्टम के लिए लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट खरीदे जाएंगे। सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (एमके-2) भी लिया जाएगा। सलआरजीआर को आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी के साथ मिलकर डिजाइन किया है। इसे बनाने में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी और रिसर्च सेंटर इमारत ने भी मदद की है। इस फ्लाइट टेस्टिंग का संचालन इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट ने किया। रॉकेट को सेना में पहले से इस्तेमाल हो रहे पिनाका लॉन्चर से दागा गया, जिससे यह साबित हुआ कि एक ही लॉन्चर से विभिन्न रेंज के पिनाका रॉकेट्स दागे जा सकते हैं।

# केमू में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 12 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

- भिकियासैंण के सिरखोन बैंड के पास हुआ हादसा

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीनार-विनायक मोटरमार्ग में सिरखोन बैंड के समीप एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में सात यात्रियों की मौत हो गई।

मंगलवार सुबह द्वाराहाट से सिनार-विनायक होते हुए रामनगर जा रही केमू बस संख्या यूके 07 पीए 4025 सिरखोन बैण्ड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस में चालक व परिचालक सहित कुल 19 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस बल और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा त्वरित रूप से रेस्क्यू शुरू किया गया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए।

### मृतकों का विवरण

1- पार्वती देवी (75) पत्नी गोविन्द मठपाल, निवासी ग्राम जमोली। 2- नंदन सिंह (70) पुत्र गोपाल सिंह, निवासी ग्राम जमोली। 3- गोविंद बल्लभ मठपाल (80) पुत्र कुलोमणी निवासी ग्राम जमोली। 4- तारा देवी (50) पत्नी महेश चन्द्र निवासी ग्राम पाली द्वाराहाट। 5- गणेश (20) पुत्र भीमबहादुर निवासी नेपाल। 6- उमेश (18) पुत्र ऐतराउल निवासी नेपाल। 7- गोविंदी देवी (55) पत्नी हरीश सिंह निवासी ग्राम घुघुती द्वाराहाट।

# सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील कंटेंट को लेकर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अश्लील, भद्दे, पोर्नोग्राफिक, बच्चों से जुड़े यौन शोषण वाले और गैर-कानूनी कंटेंट पर तुरंत रोक लगाएं। यदि कंपनियां ऐक्शन नहीं लेंगी तो उन पर केस चलेगा। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी ने ये एडवाइजरी सोमवार को जारी की थी। एडवाइजरी में इंटरनेट प्लेटफॉर्म को आईटी एक्ट के संबंध में अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी के अनुसार अगर सोशल मीडिया कंपनियां कानून और नियमों का पालन नहीं करेंगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और यूजर्स- दोनों पर केस दर्ज किया जा सकता है। कई प्लेटफॉर्म गलत और अश्लील कंटेंट को पहचानने और हटाने में ढिलाई बरत रहे हैं।

## अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस का दावा

# 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव

वाशिंगटन, वार्ता



**कहा: कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना, दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई**

**अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है: सीएफआर**

**अमेरिका के** बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है।

सीएफआर की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम के बावजूद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं।

### भारत और पाकिस्तान में अब तक पांच बार हो चुकी है जंग

**वाशिंगटन।** काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। इसकी स्थापना साल 1921 में हुई थी। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। सीएफआर में पूर्व राजनयिक, सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट्स और सुझावों का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक दुनियाभर के संकटों, युद्धों और भू-राजनीतिक हालात का आकलन कर भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी देता है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने 2026 में होने वाले युद्धों की आशंका को लेकर रिपोर्ट जारी की है। भारत और पाकिस्तान में अब तक 5 बार जंग हुई है। सभी में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा है।

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के नाम पर डिजिटल अरेस्ट, बुजुर्ग महिला से 3.71 करोड़ ठगे

**मुंबई/सूरत।** मुंबई में 68 साल की एक महिला से 3.71 करोड़ रुपये की ठगी हो गई। आरोपियों ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का कर्मचारी बताया था। इन लोगों ने नकली ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई भी की, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ बताया था। इस मामले में साइबर पुलिस ने एक आरोपी को सूरत से पकड़ा है। आरोपी के खाते में 1.71 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। उसने यह अकाउंट फर्जी कपड़ा कंपनी के नाम पर खुलवाया था। इसके बदले उसे 6.40 लाख रुपये कमीशन मिला। महिला मुंबई के अंधेरी वेस्ट में रहती है। महिला पर धोखेबाज लगातार नजर रख रहे थे। 18 अगस्त को महिला को एक कॉल आया।

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन



**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री व बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। वे 80 साल की थीं और पिछले करीब 20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं।

खालिदा कई साल से सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रहीं थीं। उनके परिवार और पार्टी नेताओं ने निधन की पुष्टि की है। वे 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। वे पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत बंगलादेश के बीच संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

- प्रधानमंत्री मोदी ने जताया गहरा दुख

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं। बांग्लादेश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।






























## संक्षिप्त समाचार

### नफरती राजनीति के पोषण ने ली एंजेल चकमा की जान : चिब


**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहराद.ून में पीटपीट कर हत्या को आरएसएस भाजपा की नफरती राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। चिब ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा-संघ नफरत का जहर घोल रहे हैं जिससे अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है और ऊपर से इंसाफ को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एंजेल के पिता देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवान हैं लेकिन जिस देश की सीमाओं की वह चौकसी कर रहे हैं उसी देश में उनके 24 साल के बेटे को उत्तराखंड में 'चीनी' कहकर अपमानित कर उसकी हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि यह कोई अचानक हुआ अपराध नहीं है बल्कि उस नफरती राजनीति का परिणाम है जिसे सालों से बोया गया, हर दिन दोहराया गया, और भाजपा के दौर में समाज का हिस्सा बना दिया गया।

### ब्राह्मण एमएलए की बैठक पर भाजपा विधायक ने दी सफाई

**लखनऊ।** कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास पर ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उठे विवाद पर अब स्वयं विधायक की प्रतिक्रिया सामने आई है। विधायक पंचानंद पाठक ने 'एक्स' पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि ब्राह्मण समाज को जोड़ने का कार्य करता है, न कि विभाजन का। उन्होंने लिखा, ष्जय श्री राम, जय सनातन, जय भाजपा। सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विच.ारक और संतुलनकर्ता माना गया है। जहां ब्राह्मण एकत्र होता है, वहां ज्ञान, विवेक और चिंतन का मंथन होता है, जो हिंदू अस्मिता को सशक्त बनाता है।

# नए साल से पहले बारिश बढ़ाएगी ठिठुरन, यूपी के 37 शहर ठंड की चपेट में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौसम विभाग ने अगले तीन दिन भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया, हाथरस में दो सड़क हादसों में सात लोग घायल

**लखनऊ।** भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में आए उत्तर प्रदेश में नए साल से बारिश के आसार जताए गए हैं जिससे ठंड और अधिक बढ़ने की आशंका है।

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर समेत प्रदेश के 37 शहर घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं। मंगलवार को कई इलाकों में दृश्यता का स्तर घटकर मात्र 20 मीटर तक रह गया, जिससे सड़कों पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कोहरे के चलते रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज समेत विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली 100 से अधिक ट्रेनें 2 से 15 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं 10 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। बाराबंकी और फतेहपुर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे, जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया है और लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार भी अलर्ट मोड पर है। प्रदेश भर में स्कूल और कॉलेज 1 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने और कंबल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

सोमवार को प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। हाथरस में कोहरे के कारण दो गंभीर सड़क हादसे हुए, जिनमें सात लोग घायल हो गए।

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में ठंड, एक जनवरी को बारिश की संभावना

लखनऊ स्थित मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में ठंड बनी हुई है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक दिन और रात दोनों समय ठंड बढ़ेगी, जबकि 1 जनवरी के आसपास बारिश की संभावना है। भीषण ठंड और घने कोहरे से किसानों की चिता भी बढ़ गई है। आलू और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने और कीट व रोग नियंत्रण के लिए जिक और क्लोरपायरीफॉस के छिड़काव की सलाह दी है।

# 2024 में डाले गए वोट किसके थे: चंद्रशेखर आजाद



■ यूपी में कटे 2. 89 करोड़ मतदाताओं के नाम

हरदोई। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में 2 करोड़ 89 लाख वोट काटे गए है, तो फिर 2024 के चुनाव में जो वोट पड़े थे, ये वोट किसके थे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद हरदोई में महाराजा बिजली पासी की जयंती के अवसर पर बहुजन संकल्प महारैली में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर निशाना साधते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि पहले 4 करोड़ वोट कटने की बात कही गई, अब सरकारी आंकड़े 2 करोड़ 89 लाख बता रहे हैं, तो बाकी वोट किसके थे? उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार रहेगा, तो ही सत्ता के बड़े लोग आम जनता के दरवाजे पर आएंगे। चंद्रशेखर ने महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि देश में अपराध और रेप के मामलों में सबसे अधिक पीड़ित यही वर्ग हैं।

# यूपीएसआईआर का ड्राफ्ट रोल छह जनवरी को होगा प्रकाशित

**लखनऊ, वार्ता**

■ उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने नई तारीखों की घोषणा की

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में 31 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी होना था। हालांकि अब इसकी नई तारीख बताई गई है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है।

आयोग ने लिखा कि संशो.धित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर की कवायद में लगभग दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। उन्हें नाम शामिल कराने के लिए फार्म संख्या छह जमा करना होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिक.ारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार मतदाताओं में से जो मसौदा सूची में शामिल हुए हैं, उनमें से एक करोड़ से अधिक 'अनमैप्ड' श्रेणी में हैं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। ताकि वे निर्धारित 12 दस्तावेजों की सूची में से किसी एक को जमा करें, ताकि उन्हें 'मैप्ड' श्रेणी में शामिल किया जा सके।

### 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा

# यूपी को एआई का वैश्विक केंद्र बनाने की तैयारी: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी में कहा है कि वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ॰(एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और उत्तर प्रदेश भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे 'ब्रांड यूपी' को देश और दुनिया में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित डेटा और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

योगी ने कहा है कि प्रदेश में पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक संचालन शुरू हो चुका है और इस सेक्टर में लगभग 30,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'एआई युवा' पहल के तहत प्रदेश के 10 लाख युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे वर्ष 2026 के लिए संकल्प लें और अपने आसपास के बच्चों को कंप्यूटर व एआई के प्रति जागरूक करें। साथ ही हर सप्ताह कम से कम एक घंटा 'ज्ञानदान' के लिए निकालें। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल होगा, बल्कि प्रदेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

### लखनऊ में भेड़ों की मौत पर दिए जांच के आदेश, प्रति भेड़ 10 हजार की मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में भेड़ों की मौत के मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पीड़ित पशुपालकों को राहत देते हुए प्रति भेड़ 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। भेड़ पालन पर निर्भर परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मृत भेड़ों का निरीक्षण किया और नमूने लेकर कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक तौर पर बीमारी या जहरीले पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित पशुपालकों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। सरकार की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



सेंसेक्स 84675.08
निफ्टी 25938.85



सोना रु. 134599
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 232329
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट दर्ज

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संक.ेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02 प्रतिशत) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। वृहद बाजार पर दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। एनएसई में जिन 3,244 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,723 के शेयरों में तेजी और 1,409 में गिरावट रही। अन्य 112 कंपनियों के शेयर अंततघ अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 2.10 फीसदी की गिरावट रही। इंडिगो का शेयर 1.37 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.28 और एशियन पेंट्स का 1.09 प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 2.03 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का दो प्रतिशत मजबूत हुआ। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.66 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.86 फीसदी की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट सपाट बंद हुआ।

# चांदी की कीमत गिरी, सोना भी 1.35 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,182 रुपए गिरकर 1,34,599 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,36,781 रुपए/10 ग्राम पर था। लगातार 5 दिन तक चढ़ने के बाद चांदी की कीमत 3,111 रुपए गिर गई है। आज ये 2,32,329 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 1,36,350 रुपये रही, जबकि मुंबई में 1,36,200, कोलकाता में 1,36,200, चेन्नई में 1,37,460, जयपुर में 1,36,350, भोपाल में 1,36,250, पटना में 1,36,250 और लखनऊ में 1,36,350 रुपये रही। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे।

रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। चांदी की बात की जाए ,तो सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल होने से चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है।अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं। प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी पहले से खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी।

# सरकार ट्रेजरी बिलों के जरिये अंतिम तिमाही में जुटाएगी 3,84,000 करोड़

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही द्धजनवरी-मार्च 2026ऋ के लिए 3,84,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी किया है।

ट्रेजरी बिल वह माध्यम है जिससे सरकार अल्पावधि ऋण जुटाती है। ए अंकित मूल्य से कम पर बेचे जाते हैं और मियाद पूरी होने पर टी-बिल खरीदने वाले को अंकित मूल्य के बराबर पैसा मिलता है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि ए ट्रेजरी बिल 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की मियादों के साथ अलग-अलग मूल्य के लिए जारी किए जाएंगे। पहली नीलामी 07 जनवरी 2026 को और उसके बाद 25 मार्च तक हर सातवें दिन होगी। कैलेंडर के मुताबिक, पहले पांच सप्ताह तीनों मियादों को मिलाकर कुल 29-29 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले छह सप्ताह कुल 34-34 हजार करोड़ रुपये के और 25 मार्च को 35 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले कार्य-दिवस पर टी-बिल जारी किए जाएंगे। रिजर्व बैंक इस कैलेंडर और टी-बिल की प्रस्तावित नीलामी की राशि में भविष्य में बदलाव भी कर सकता है जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाएगी।

### अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर भी संज्ञान ले कोर्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने अरावली मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के अपने ही फैसले पर रोक लगाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। रमेश ने कहा कि पिछले फैसले पर चिंता जताई थी और चेतावनी दी थी कि वन क्षेत्र की परिभाषा में ढील देने से खनन और निर्माण कार्यों के लिए बड़े रास्ते खुल सकते हैं। रमेश ने कहा कि पर्यावरण से जुड़े तीन अन्य 'जरूरी मुद्दे' हैं। इन पर भी उच्चतम न्यायालय को तत्काल स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) प्रक्रिया साफ सुथरी तथा पारदर्शी नहीं है और इस काम में जल्दबाजी में नियमों का उल्लंघन हो रहा है इसलिए आयोग को हर दिन नियम बदलने के बजाए लोगों को हो रही समस्या का जमीनी स्तर पर स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

पार्टी ने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण करोड़ों लोगों को पीड़ा में डालकर उनके हक छीने जा रहे हैं। जिन लोगों के नाम 2003 की मतदता सूची में नहीं हैं उनको आयोग की तरफ से नोटिस आएंगे और बेवजह उनको तंग किया जाएगा। इसमें उन लोगों को ज्यादा तकलीफ होगी जो मतदाता सूची में शामिल होने के हकदार हैं लेकिन अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं। बीएलओ रिश्तों के हिसाब से सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया को परिभाषित कर रहे हैं। हर दिन नियम बदले जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया में जल्दबाजी कर पूरे देश को संदेह में डाल दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है और पूरी प्रक्रिया संदेह से घिरी हुई है। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर बहुत व्यापक और लंबी प्रक्रिया है लेकिन चुनाव आयोग ने इसमें बहुत जल्दबाजी कर इसे बेहद जटिल और पीड़ादायक बना दिया है। इसमें दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है और सारी प्रक्रिया को एक डेढ़ महीने में पूरा करने की सीमा बांध दी है। किसी भी मतदाता को सूची में शामिल होने के लिए तीन बातें जरूरी होनी चाहिए जिसमें पहली है कि वह देश का नागरिक हो, उसने 18 साल की उम्र पार कर दी हो और वह उस पते पर रहता हो जहां का पता दिया गया है, ये तीन बातें इसके लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निवासी होने की बात स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। इन मामलों में बीएलओ को जानकारी लेनी होती है कि अमुक व्यक्ति रजिस्टर्ड पते पर रहता है या नहीं। जिन लोगों का नाम 2003 की सूची में है उनको कुछ प्रमाण देने की जरूरत नहीं है लेकिन नाम नहीं है तो बहुत दिक्कत हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अभी जो एसआईआर हुआ है, उसका तरीका किसी को समझ ही नहीं आ रहा है। इस फॉर्म को लोगों को भरना है और इसे जमा करना है। इस काम को एक महीने में पूरा करना होगा।

# कांग्रेस ने बाकर हुसैन समेत 11 सीटों पर उतारे पर्यवेक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इमरान मसूद, दानिश अली, किशोरी लाल को मिली अहम जिम्मेदारी

■ एमएलसी सीटों के निर्वाचन में स्नातक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने स्नातक और शिक्षक विधान परिषद की 11 सीटों के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात कर दिए हैं।

अजय राय ने 29 दिसंबर, सोमवार को 11 सीटों के लिए सांसदों और पूर्व सांसदों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बता दें अजय राय पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि कांग्रेस यह चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ नहीं लड़ेगी। पर्यवेक्षकों की तैनाती के संदर्भ में एक पत्र में अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद क्षेत्रों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संस्तुति के उपरान्त संलग्न सूची के कांग्रेसजनों को वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपरोक्त कांग्रेसजनों से अपेक्षा है कि वे सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### एमएलसी चुनाव में कांग्रेस ने किसे बनाया पर्यवेक्षक?

इलाहाबाद (स्नातक) उज्जवल रमण सिंह (सांसद) एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी (पूर्व मंत्री), बरेली-मुरादाबाद (शिक्षक) कुंवर दानिश अली (पूर्व सांसद) एवं फूल कुंवर (पूर्व विधायक), लखनऊ (स्नातक/शिक्षक) किशोरी लाल शर्मा (सांसद) एवं पी.एल. पुनिया (पूर्व सांसद), मेरठ से इमरान मसूद (सांसद) एवं हरेन्द्र अग्रवाल (पूर्व एमएलसी), गोरखपुर-फैजाबाद (शिक्षक): तनुज पुनिया (सांसद) एवं अखिलेश प्रताप सिंह (पूर्व विधायक), वाराणसी से भगवती प्रसाद चौधरी (पूर्व विधायक) एवं पशुपति नाथ राय (पूर्व विधायक), मेरठ-सहारनपुर (शिक्षक कोऑर्डिनेटर) बाकिर हुसैन उर्फ बाकर हुसैन, आगरा से राकेश राठौर (सांसद) एवं विवेक बंसल (पूर्व एमएलसी)।

### कई माफिया जेल गए, तो कई हुए ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले आम धारणा थी कि सत्ता के संरक्षण में अपराधी और माफिया तत्वों के आतंक को मिटाना नामुमकिन है, मगर योगी आदित्यनाथ सरकार नेस्पष्ट संद.ेश दिया कि अपराधी या तो जेल जाएगा या प्रदेश छोड़ेगा। प्रदेश में एक समय ऐसा था जब संगठित अपराध, भू-माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया और बाहुबली राजनीति व्यवस्था पर हावी माने जाते थे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा उपलब्ध रिपोर्ट (2023 जो 2025 में प्रकाशित हुई) के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम रही। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश की अपराध दर 335-3 प्रति लाख जनसंख्या रही, जबकि देश का राष्ट्रीय औसत 448-3 दर्ज किया गया। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से लगभग 25 प्रतिशत कम है।

# पिस्टल के बल पर दो दुकानों में लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि दिनदहाड़े लूट और फायरिंग की घटनाएं आम होती जा रही हैं। ताजा मामला जाफराबाद थाना क्षेत्र का है, जहां हथियारबंद बदमाशों ने गनपॉइंट पर दो दुकानों को निशाना बनाया। पैसे न देने पर एक दुकानदार के साथ मारपीट की गई और भागते समय की गई फायरिंग में एक राहगीर गोली लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुरी रोड पर पूजा पब्लिक स्कूल के पास स्थित वैष्णव मिष्ठान भंडार और पास की एक अन्य दुकान पर दोपहर करीब दो बजे कुछ बाइक सवार नकाबपोश बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने दुकानों में घुसते ही पिस्टल दिखाकर नकदी मांग. नी शुरू कर दी। जब एक दुकानदार ने पैसे देने से इनकार किया तो बदमाशों ने उसके साथ बदसलूकी करते हुए पिस्टल के बट से हमला कर दिया। इससे दुकान में अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग सहम गए। वारदात के बाद बदमाश बाइक से फरार होने लगे। इसी दौरान उन्होंने दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग की। गोली सड़क से गुजर रहे 40 वर्षीय आबिद को जा लगी, जो मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े।

आनन-फानन में उन्हें जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। एडिशनल डीसीपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के निर्देश दिए।

# ग्रेप हटते ही दिल्ली में होगा 400 किमी सड़कों का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार और एक साथ कई मोर्चों पर ठोंस व प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में निर्माण के लिए वर्षों से तरस रही राजधानी की सड़कों के दिन अब बहुरने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) हटते ही दिल्ली में लगभग 400 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इन सड़कों का निर्माण वॉल-टू-वॉल किया जाएगा, ताकि सड़क किनारों से धूल उड़ने की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। इसके साथ ही प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार सड़कों के सेंट्रल वर्ज (मध्य विभाजक) पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगातार स्थापित कर रही है, जिससे धूल के कणों को निष्प्रभावी किया जा सके। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दीर्घकालीन उपाय आवश्यक हैं।

दिल्ली सरकार के अनुसार प्रस्तावित 400 किलोमीटर सड़कों में से 300 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा बजट जारी किया जा चुका है, जबकि शेष 100 किलोमीटर सड़कों का निर्माण दिल्ली सरकार अपने संसाधनों से करेगी। इन सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि जर्जर और टूटी सड़कों से उड़ने वाली धूल में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जो दिल्ली के प्रदूषण का एक बड़ा कारण रही है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि सड़क निर्माण से जुड़ी टेंडर और अन्य सभी प्रक्रियाएं पहले ही पूरी कर ली गई हैं। ग्रेप हटते ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) युद्धस्तर पर काम शुरू करेगा और राजधानी के विभिन्न हिस्सों में एक साथ सड़क निर्माण गतिविधियां दिखाई देंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, जिन सड़कों का निर्माण पांच वर्ष पूर्व किया गया था या जिनकी स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्मित किया जाएगा। इन सड़कों का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में पूरा किए जाने की संभावना है। सड़क निर्माण के साथ-साथ दिल्ली सरकार धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मिस्ट स्प्रे सिस्टम के विस्तार पर भी लगातार काम कर रही है।

पर्यावरण विभाग द्वारा जारी सरकारी आदेश के अनुसार, सड़कों के सेंट्रल वर्ज में स्थित विद्युत खंभों अथवा अन्य उपयुक्त खंभों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इन प्रणालियों के माध्यम से सूक्ष्म जल कणों का छिड़काव कर सड़क की धूल को दबाया जाता है, जो दिल्ली में पीएम10 और पीएम2.5 जैसे प्रदूषकों का एक प्रमुख स्रोत मानी जाती है। वर्तमान में राजधानी के सैकड़ों स्थानों पर करीब 340 मिस्ट स्प्रे सिस्टम कार्यरत हैं और चरणबद्ध तरीके से इनका दायरा और बढ़ाया जा रहा है।

# जनता के काम में बाधा डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर स्पष्ट करते हुए जनता से सीधे जुड़े राजस्व विभाग के अधिकारियों पर कड़ी और त्वरित कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर कापसहेड़ा के सब-रजिस्ट्रार और महरौली के तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके विरुद्ध लगातार मिल रही शिकायतों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के आधार पर की गई है।

मुख्यमंत्री के आदेश पर कापसहेड़ा में पदस्थ एक डीड राइटर का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, भ्रष्टाचार के प्रति किसी भी स्तर पर कोई सहनशीलता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी सीधे जनता के कार्यों से जुड़े हैं, उनसे ईमानदारी, संवेदनशीलता और जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है। यदि कोई अधिकारी लापरवाही बरतता है या भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसे सेवा में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जनता ने इसलिए चुनकर भेजा है कि हम आम जन के कार्यों को प्रभावी ढंग से करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जो अधिकारी या व्यवस्था इसमें बाधा उत्पन्न करेगी, उसके खिलाफ कठोर और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कार्रवाई एक उदाहरण है और आगे भी यदि किसी भी विभाग या अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती हैं, तो सरकार बिना किसी दबाव या भेदभाव के सख्त कदम उठाएगी।

# विधानसभाध्यक्ष ने जवानों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिवेश में कार्य करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान अनुशासन, साहस और अडिग पेश. ेवर प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

वे भारत की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ हैं," यह विचार दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा में सीआरपीएफ की 103वीं बटालियन के जवानों एवं अधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर जवानों के परिवारजन एवं बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 103वीं बटालियन के उप कमांडेंट, सहायक कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।अध्यक्ष गुप्ता ने देश भर में आंतरिक सुरक्षा एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में सीआरपीएफ की ऐतिहासिक और निरंतर भूमिका की सराहना की। उन्होंने उग्रवाद और आतंकवाद के विरुद्ध अभियानों, वामपंथी उग्रवाद से निपटने, चुनावों के दौरान सुरक्षा प्रबंध, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा तथा प्राकृतिक आपदाओ के समय नागरिक प्रशासन की सहायता में बल के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सीआरपीएफ की भागीदारी का भी उल्लेख करते हुए वैश्विक शांति एवं स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को उजागर किया। गुप्ता ने विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सेवा दे चुके सीआरपीएफ कर्मियों के योगदान को सराहा और कठिन परिस्थितियों में उनके समर्पण, साहस एवं पेशेवर दक्षता की प्रशंसा की।जवानों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने दिल्ली विधान सभा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत जवानों एवं अधिकारियों को विधानसभा भवन का भ्रमण भी कराया गया, जिसमें उन्हें सदन की कार्यप्रणाली, परंपराओं और संसदीय विरासत से अवगत कराया गया। सीआरपीएफ कर्मियों के परिवारजन एवं बच्चों ने भी इस भ्रमण में भाग लिया और दिल्ली विधान सभा की 113 वर्ष पुरानी विधायी परंपरा तथा भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की।



**दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता विधानसभा में सआरपीएफ की १०३वीं बटालियन के जवानों वअधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान।**

## एक नजर

### संजय गांधी पशु चिकित्सालय के साथ सहयोग किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** एआरई इन्फ्रा हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड ने पशु कल्याण के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की है। संस्था ने पशु सेवा केंद्र संजय गांधी पशु चिकित्सालय के साथ सहभागिता स्थापित कर पशुओं की देखभाल, उपचार एवं पुनर्वास से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है। इस पहल के अंतर्गत एआरई इन्फ्रा हाइट्स, प्रसिद्ध समाजसेविका एवं पशु अधिकारों की प्रखर समर्थक मेनका गांधी जी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संजय गांधी पशु चिकित्सालय की टीम के साथ सहयोगी सदस्य के रूप में कार्य कर रही है।

इस अवसर पर एआरई इन्फ्रा हाइट्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दीपक गर्ग ने कहा हमारा दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक नागरिक को इस पुण्य कार्य से जुड़ना चाहिए। यह पहल केवल धन सहायता तक सीमित नहीं है। सच्ची सेवा वही है जिसमें व्यक्ति अपना समय, संवेदना और सक्रिय सहभागिता प्रदान करे। सेवा का वास्तविक अर्थ स्वयं आगे बढ़कर योगदान देना है।

### 4 लाख करोड़ रूपए के पूंजी निर्माण का अनुमान

**नई दिल्ली।** पैन्टोमैथ कैपिटल की प्राइमरी पल्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 से 2025 के बीच भारतीय इक्विटी पूंजी बाजार में अमूल-चूल परिवर्तन देखा गया है। यह बाजार अब केवल फंड जुटाने का एक चक्रीय जरिया मात्र न रहकर, पूंजी निर्माण के लिए संरचनात्मक रूप से एक स्थिर एवं सुदृढ़ मंच के रूप में स्थापित हो चुका है।

रिपोर्ट जोर देती है कि भारत का आईपीओ बाजार अब एक मजबूत संरचनात्मक दौर में प्रवेश कर चुका है और सौदों की संख्या के मामले में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। वर्ष 2026 में देश का पूंजी बाजार लगभग 4 लाख करोड़ रूपए के पूंजी निर्माण को सक्षम बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो भारत के प्राथमिक बाजार इकोसिस्टम की बढ़ती गहराई, व्यापकता और परिपक्वता को प्रमाणित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 के बाद का कालखंड भारत के आईपीओ इकोसिस्टम के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है।

### एक्सिस बैंक की एटीएम मशीन तोड़कर निकाले रुपये

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर इलाके में बीते रविवार रात बदमाशों ने एक्सिस बैंक के एक एटीएम मशीन को तोडकर उनमें रखे रुपये निकाल लिये। पुलिस बैंक अधिकारियों से संपर्क करके मशीन में रखे रुपये के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्वरूप नगर पुलिस को नत्थूपुरा मार्किट में एक्सिस बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ और रुपये निकलने की कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। बैंक अधिकारी और रुपये डालने वाली वैन खड़ी थी।

क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में पता चला कि आरोपियों ने रविवार रात को वारदात को अंजाम दिया था। फुटेज में नकाबपोश आरोपी दिखाई दे रहे हैं। जिनको पकडने के लिये पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। बताया जाता है कि एटीएम बूथ पर कोई सुरक्षा गार्ड की तैनाती नहीं है। मशीन पर निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाती है। इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। वारदात को जिस तरह से अंजाम दिया गया है। उससे लगता है कि वारदात के पीछे मेवाती गैंग का हाथ हो सकता है,जिन्होंने रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया होगा

### गैर इरादतन हत्या प्रयास मामले में वांछित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी एनडीपीएस एक्ट मामले में अंतरिम जमानत जम्पर भी है और पच्चीस से ज्यादा गंभीर आपराधिक मामलों में शामिलरहा है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर को निहाल विहार में एक वांछित के छिपे होने के बारे में सूचना मिली थी ।इस सूचना पर एसीपी राजबीर मलिक की देखरेख में इंस्पेक्टर विनय कुमार के नेतृत्व में टीम बताई गई जगह पर पहुँची और एक कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन किया। पहुँचने पर, आरोपी ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया, इसके बाद, रेडिंग टीम ने आरोपी सनी (40) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि आरोपी एक आदतन अपराधी है, जो पहले लगभग पच्चीस आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिसमें एनडीपीएस,गैर इरादतन,हत्या का प्रयास,आर्म्स एक्ट,एक्साइज एक्ट ,छीनने और चोरी के मामले शामिल है।पुलिस ने बताया कि आरोपी ने एनडीपीएस मामले में अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद, 02 नवंबर को एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड और लाठियों से फिर से बेरहमी से हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इस हमले के लिए एक नई एफआईआर दर्ज की गई थी।

## रेखा गुप्ता सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की रेखा गुप्ता सरकार का 10 माह का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा एक ठप्प दिल्ली छोड़ी गई थी पर भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली मात्र 10 माह में विकास की राह से जोड़ दिया है। वायु प्रदूषण के मामले में भी सर्दियों तक में प्रदूषण का स्तर पहले से नीचे रहा है पर इस पर अभी बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 'देवी' योजना की 500 बसें जोड़ कर दिल्ली की सड़क परिवहन व्यवस्था को सुधारा है। रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली की सड़कों से 50 हजार से अधिक गड्ढे भरमार और नई सड़कें डलवा कर दिल्ली की सड़कों में भारी सुधार किया है। रेखा गुप्ता अब दिल्ली वालों को सभी जांच सुविधाओं के साथ डाक्टरों के साथ 'आयुष्मान अरयोग्य मंदिर' का लाभ दे रही है।

# 9 जुआरी पकड़े , हजारों रुपये कैश बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आउटर जिला पुलिस ने संगठित अपराध और अवैध जुए के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग इलाकों से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में हजारों रुपए नकद और जुए से जुड़ा सामान बरामद किया गया। पुलिस ने दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कुल 5 मामले दर्ज किए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आउटर जिला के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में तैनात फील्ड स्टाफ को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए थे। खास तौर पर संगठित अपराध, अवैध सट्टा और जुआ गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया था। इसी सतर्कता का नतीजा यह कार्रवाई है। इसी कड़ी में 28 दिसंबर को राज पार्क थाने के हेड कॉन्स्टेबल प्रेम और हेड कॉन्स्टेबल योगेश रात में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें मंगोलपुरी के नवरिया पार्क में अवैध जुए की सूचना मिली। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन तत्परता दिखाते हुए दो लोगों को मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान हजारों रुपए नकद और जुए से जुड़ा सामान बरामद हुआ। इस मामले में एफआईआर संख्या 699/2025 के तहत केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उसी दिन दूसरे ऑपरेशन में हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद और कॉन्स्टेबल राजेंद्र गश्त के दौरान एफ-ब्लॉक पार्क, मस्जिद के पास पहुंचे, जहां कुछ लोग जुए में लिप्त थे। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। मौके से नकद राशि और जुए का सामान मिला। एफआईआर संख्या 911/2025 दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

28 दिसंबर को ही हेड कॉन्स्टेबल सुभाष और कॉन्स्टेबल मनजीत ने एक्स-ब्लॉक, मंगोलपुरी में एक मकान के पास जुए की गतिविधि देखी। पुलिस की कार्रवाई में दो आरा. ेपी पकड़े गए। हजारों रुपये नकद और जुए से जुड़ी सामग्री जब्त की गई। इस मामले में एफआईआर संख्या 910/2025 दर्ज की गई। इसी दिन, हेड कॉन्स्टेबल रवि राठी और हेड कॉन्स्टेबल दीपक चंदर विहार इलाके में गश्त कर रहे थे। वीर बाजार चौक के पास कुछ लोग जुआ खेलते मिले। पुलिस को देखकर वे भागने लगे, लेकिन दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। मौके से नकद राशि और जुए का सामान बरामद हुआ।

# मैत्रेयी पुष्पा को मिला इफको साहित्य सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** उर्वरक क्षेत्र की प्रमुख सहकारी संस्था इफको द्वारा वर्ष 2025 का इफको साहित्य सम्मान कथाकार मैत्रेयी पुष्पा को प्रदान किया गया। साथ ही इफको युवा साहित्य सम्मान अंकिता जैन को उनकी पुस्तक ओह रे! किसान के लिए दिया गया। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने प्रदान किया। इफको द्वारा वर्ष 2011 में शुरू किया गया यह सम्मान प्रत्येक वर्ष ऐसे हिन्दी लेखक को दिया जाता है जिसकी रचनाओं में मुख्यत: ग्रामीण व कृषि जीवन का चित्रण किया गया हो। इस पुरस्कार के अन्तर्गत सम्मानित साहित्यकार को एक प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र तथा ग्यारह लाख रुपये की राशि का चौक प्रदान किया जाता है। वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रकांता की अध्यक्षता वाली निर्णायक समिति ने मैत्रेयी पुष्पा का चयन ग्रामीण व कृषि जीवन के चित्रण और भारत के बदलते यथार्थ पर केन्द्रित उनके व्यापक साहित्यिक अवदान को ध्यान में रखकर किया।

# फाइनटच ने किया जेनेसिस-26 कला प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** फाइनटच की और से जेनेसिस-26 सामूहिक पेंटिंग, मूर्तिकला और फोटोग्राफी की कला प्रदर्शनी का आयोजन आईफैक्स आर्ट गैलरी रफी मार्ग, नई दिल्ली में 2 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन कर्नल (सेवानिवृत्त) जितेन हजारिका, प्रख्यात कलाकार,संतोष जैन, उपाध्यक्ष, आईफैक्स आर्ट गैलरी, एस दलीप हितकारी, निदेशक, शांता आर्ट गैलरी, के द्वारा किया जाएगा, प्रदर्शनी सुश्री बलविंदर तंवर और रवीन्द्र कुमार तंवर के द्वारा क्यूरेट की गई है. आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्य से 21-कलाकारों ने भाग लिया है। सभी कलाकारों ने चित्रों, मूर्तियों, फोटोग्राफ और मिश्रित-माध्यम के जरिए अलग अलग विषय को कैनवास पर उकेरा है। इन कलाकृतियों की विशिष्ट विशेषता यह है कि हर कलाकार सांस्कृतिक सामाजिक, और सांस्कृतिक कथानकों को स्वर देता है। भाग लेने वाले कलाकार, अद्वैत पी. अनिल, अपूर्व वर्मा, चंदा बख्शी, जय सेठिया, कालोन सेलेस्टे, कमल मट्टा अब्बी, कमल किशोर, लक्ष्य कुमार गहलोत, मो. तारिक, मुन्नी देवी, नविता कौशिक, नेहारिका शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, पवित सक्सेना, पूजा, राजेश कुमार सलूजा, सपना अग्रवाल, शरयू अमोदा, डॉ. शिप्रा भाटिया, स्वाति गोयल, तृषा डंग ।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि अधिवक्ता ने की कानून मंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कृष्ण जन्मभूमि विवाद में वादी पक्ष के वकील दीपक शर्मा ने सोमवार को दिल्ली के कानून मंत्री के कपिल मिश्रा के साथ शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ हाई कोर्ट में उनके सहयोगी एडवोकेट रोहित आर्य एवं एडवोकेट श्रेष्ठ पाराशर भी उपस्थित रहे। इस दौरान कानून मंत्री ने उनके सामाजिक व कानूनी क्षेत्र में कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

द लीगल चौंबर के संस्थापक दीपक शर्मा अंगिरस राजस्थान उच्च न्यायालय में कोर्ट आफिसर तथा सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं। कानून मंत्री कपिल मिश्रा से मुलाकात के दौरान दिल्ली सरकार से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विधिक प्रकरणों को शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया एवं उससे जुड़े विषयों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा हुई।

कानून मंत्री ने बैठक के दौरान दीपक शर्मा अंगिरस द्वारा कृष्ण जन्मभूमि विवाद में मुख्य अधिवक्ता के रूप में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर हार्दिक बधाई दी गई। उन्होंने उनके इस कार्य की मुक्व कठ से प्रशंसा की। साथ ही, विधिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति, उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा भविष्य में इसी प्रकार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करते रहने हेतु शुभकामनाएं दी गईं। इसके अतिरिक्त उन्होंने विधिक विषयों पर ऑनलाइन वीडियो एवं डिजिटल माध्यमों के द्वारा जन-जागरूकता फैलाने के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना करते हुए इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए भी बधाई दी।

## लापता नाबालिग को परिजनों से मिलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 14 वर्षीय लापता नाबालिग लड़की को सुरक्षित ट्रेस कर उसके परिजनों से मिलवाया है। यह नाबा. लिग बच्ची 17 दिसंबर से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित थाना राजेंद्र पार्क क्षेत्र से लापता थी। क्राइम ब्रांच, दिल्ली के एनआर-2 यूनिट की टीम ने तकनीकी विश्लेषण और समन्वित प्रयासों के जरिए इस मामले को सुलझाया। क्राइम ब्रांच द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उन बच्चों और महिलाओं को तलाशा जाता है जो किसी कारणवश अपने परिवार से बिछड़ गए हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से बताया गया कि 17 दिसंबर को गुरुग्राम के थाना राज. ेंद्र पार्क में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण/लापता होने की सूचना दर्ज कराई गई थी।

# पुत्रदा एकादशी पर मंदिर में मां गंगा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रत्येक मंदिर में चाहे वह छोटा हो या बड़ा, मां गंगा के स्वरूप के दर्शन भक्तजन सुगम रूप से कर पाएंगे, यह संकल्प लिया है प्रसिद्ध समाजसेवक मां गंगा के अनन्य भक्त गंगापुत्र की उपाधि से सम्मानित डॉ. संजीव अरोड़ा ने, पौष मास की पुत्रदा एकादशी के अवसर पर नारायणा गांव स्थित श्री सनातन धर्म माता मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां मां गंगा के स्वरूप को स्थापित किया गया। मंदिर में शिवालय के सामने मां गंगा की स्वरूप को स्थापित करके भक्तों ने पूजा अर्चना की व पुष्प अर्पित किए।



इस स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर पदमनाभाचार्य स्वामी जी, साध्वी गुरु मां महामंडलेश्वर ममता दास जी, विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना, कर्मठ समाजसेवी डॉक्टर चंद्रकांता शिवानी उपस्थित थे। इस मौके पर डॉक्टर अरोड़ा ने सभी आए अतिथियों को अंग वस्त्र बनाकर उनका अभिनंदन किया तथा गंगाजल भेंट किया।

कपिल खन्ना ने इस मौके पर डॉक्टर अरोड़ा को बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्य से नौजवानों में प्रेरणा आनी चाहिए और उन्हें यह समझना चाहिए कि हिंदू धर्म को मजबूत करने के लिए ऐसे प्रेरणादायक कार्य करते रहने चाहिए। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर नारायणा विहार के अध्यक्ष विनय भूषण सिन्हा, माता मंदिर से जय भगवान तंवर, सुरेश तंवर, संस्था से रश्मि मल्होत्रा, प्रतिमा सिंह, राहुल शर्मा पूनम मेहता, कीर्तन मंडली कमेटी से कृष्ण तंवर, सुधा गीत आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर एक जरूरतमंद को व्हीलचेयर भी भेंट की गई।

# सारा तेंदुलकर को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** पीएनजी ज्वेलर्स के समकालीन हल्के वजन वाले उत्तम आभूषण ब्रांड लाइटस्टाइल बाय पीएनजी ने सारा तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह कदम भारत के भविष्य के ज्वेलरी उपभोक्ताओं से ब्रांड के जुड़ाव को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

लाइटस्टाइल के पीछे की व्यापक सोच के बारे में बात करते हुए, पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगी ने कहा, लाइफस्टाइल बाय पीएनजी हमारे मौजूदा ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के जोड़ने का एक अच्छा और दीर्घकालिक प्रयास है. पीएनजी ने पीढ़ियों से विश्वास संपादन किया है। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए सारा तेंदुलकर ने कहा, "लाइटस्टाइल सहजता और व्यक्तित्व की भावना को दर्शाता है, जो मुझे बहुत स्वाभाविक लगता है. इसकी ज्वेलरी हल्की, सोच-समझकर डिजाइन की गई है और रोज की जिंदगी के लिए उपयुक्त है, जिससे यह साझेदारी मेरे लिए वास्तव में रोमांचक बन जाती है।

लाइटस्टाइल बाय पीएनजी के मार्केटिंग और ई-कॉमर्स प्रमुख हेमंत चव्हाण ने कहा, "सारा उन युवा महिला की सोच का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनके लिए लाइटस्टाइल बनाया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# थाना मुरादनगर ने किया फिर नाम रोशन हत्या करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने वकील पुत्र लीलू ग्राम सुल्तानपुर पर 6 महीने पहले हुए झगड़े की रंजिश के चलते हत्या करने वाला व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुरादनगर थाना की टीम भोवा पुर रोड पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय मुखबिर का फोन आया कि आपके मुकदमे से संबंधित व्यक्ति भोवापुर रोड की तरफ आ रहा है यदि जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है।

सूचना पर मुरादनगर थाने से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाकर भोवापुर डबल रोड के पास मुखबिर को साथ लेकर जंगल की ओर बढे। जब 50 कदम पहले ही मुखबिर ने व्यक्ति की पहचान कर उसकी तरफ इशारा किया। इशारा देखकर व्यक्ति भागने लगा, वह भागते हुए गिर गया, गिरे हुए व्यक्ति ने पकड़े जाने के डर से पुलिस पर फायरिंग कर दी जिसमें पुलिस ने आत्मरक्षक एक राउंड फायर कर दी। करहाने की आवाज सुनकर चुपके चुपके व्यक्ति के पास पहुंचे देखा तो व्यक्ति के पैर में गोली लगी है।

पूछताछ में व्यक्ति ने बताया कि मेरा नाम गुल हसन उर्फ गुल्लू पुत्र जमालुद्दीन निवासी सुल्तानपुर है तथा रंजिश के चलते वकील पुत्र लीलू ग्राम सुल्तानपुर की हत्या कर दी है! अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस व आला कत्ल चाकू पाया गया।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास मुरादनगर थाने में कई संगीन धाराओं में पंजीकृत है तथा निवाड़ी थाने में भी कई मुकदमे पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर अस्पताल में भेजा गया कार्यवाही प्रचलित है।

## अज्ञात व्यक्ति ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में

# गलत टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ दी तहरीर!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** थाना मुरादनगर में हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने थाने में पहुंचकर तहरीर दी जिस पर संज्ञान लेते हुए थाना अध्यक्ष और चौकी इंचार्ज द्वारा टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर सबसे शख्स कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया और कहा कि ऐसी टिप्पणी करने वाले समाज के लिए ठीक नहीं है जिनकी ऐसी बेह. दा हरकत से क्षेत्र में माहौल बिगड़ सकता है। इसलिए ऐसे व्यक्ति को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# भूपेन्द्र सिंह को भारतीय किसान संगठन का जिला उपाध्यक्ष किया गया मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भूपेन्द्र सिंह को भारतीय किसान संगठन के राजेन्द्र यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा (भारतीय किसान संगठन) का बुलंदशहर जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति के बाद उनका फूल माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिठाई भी वितरित की गई। राजेन्द्र यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस मनोनयन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूपेन्द्र सिंह को उनकी निष्ठा और किसानों के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने भूपेन्द्र सिंह से अपेक्षा की है कि वे संगठन में ईमानदारी और मेहनत से किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। साथ ही, अपने अनुभव और कर्मठता से इस संगठन को किसानों के बीच पहुंचाने का काम करेंगे।

## वार्षिक उत्सव में छात्रों ने नाट्य प्रस्तुतियां दीं

**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित ओम किड्स प्राइड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग वध और कंस वध, द्रौपदी चीर हरण, पंजाबी भांगड़ा तथा भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत पर आधारित देशभक्ति नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में बच्चों ने आत्मविश्वास और अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों का

# भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस द्वारा छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ कामकाजी अनुभव देने के उध्देश्य से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का शैक्षणिक-औदयोगिक भ्रमण आयोजित किया गया।

भ्रमण की योजना प्रो. (डॉ.) आर.सी. त्रिपाठी, निदेशक, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस द्वारा बनाई गई। इसका मुख्य उध्देश्य छात्रों को रडार, सैटेलाइट और मौसम से जुड़े आधुनिक सिस्टम के जरिए मौसम की सही जानकारी कैसे जुटाई जाती है, यह समझाना था। साथ ही तापमान, हवा, बारिश और भूकंप से जुड़े डेटा को इकट्ठा करने वाले उपकरणों के बारे में भी जानकारी दी गई। आईएमडी परिसर में डॉ. राजू भार्गव (वैज्ञानिक) ने छात्रों को रडार कैसे काम करता है और मौसम से जुड़ा डेटा कैसे इकघ्ट्ठा किया जाता है, इसकी आसान भाषा में जानकारी दी।

वहीं डॉ. अखिल श्रीवास्तव (वरिष्ठ वैज्ञानिक) ने बताया कि आईएमडी घ्द्वारा जुटाया गया डेटा और तस्वीरें खेती में बेहतर पैदावार, मौसम का अध्ययन, आपदा से बचाव और राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने में कैसे मददगार होती हैं। भ्रमण के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (एसोसिएट) गवेंद्र सिंह ने विश्वविघ्द्यालय के शीर्ष प्रबंधन, सभी शिक्षकों और छात्र स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह भ्रमण सफल रहा। भ्रमण के बाद प्रो. (डॉ. ) आर.सी. त्रिपाठी, निदेशक, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस और विपिन शर्मा (एससीए कोऑर्डिनेटर) ने सभी भाग लेने वाले छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस ने इस सफल भ्रमण के लिए चांसलर एवं चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार तथा प्रो-वाइस चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव का हार्दिक आभार जताया। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण संभव हो पाते हैं।

# समाजसेवी वरूण शर्मा के द्वारा की गई शिकायत के बाद उठाया गया कूड़े का अंबार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** भाजपा नेता व वरिष्ठ समाजसेवी वरुण शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा संेंट टेरेसा स्कूल कौशांबी के पास कुड़े का बड़ा अंबार होने की जानकारी दी गई थी।

जिसे कई बार आग्रह के बाद भी संबंधित स्थानीय प्रति. निधि द्वारा अनदेखा किया गया और कर्मचारियों द्वारा उठाया नहीं गया था।

उनके द्वारा नगर निगम में शिकायत करने पर कूड़ा उठवा दिया गया है तथा वहां साफ सफाई करवा दी गई है।

# संदीप त्यागी रसम का राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता व पंडित अशोक भारतीय के द्वारा संदीप त्यागी रसम की नियुक्ति पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परियोजना नमामि गंगे एवं केन्द्रीय मंत्री सी आर पाटिल की प्रेरणा से नमामि गंगे, गंगा विचार मंच के प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियो को धन्यवाद दिया गया। अपने रचनात्मक अभियानो व आंदलनो के बल पर देश मे अपनी पहचान बनाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान संयोजक संदीप त्यागी रसम को उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया संयोजक, नमामि गंगे, गंगा विचार मंच, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के रूप मे मनोनीत किये जाने पर संदीप त्यागी रसम को शाल पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। पंडित अशोक भारतीय ने संदीप त्यागी रसम के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। संदीप त्यागी रसम से केन्द्र सरकार ने परियोजना नमामि गंगे - गंगा की शुद्धता के लिए जन भागीदारी के उद्देश्य को पाये जाने की उम्मीद जतायी है।

संदीप त्यागी रसम ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियो बालकिशन गुप्ता पं अशोक भारतीय सौरभ यादव वीरेन्द्र कंडेरे सहित उपस्थित पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया। संदीप त्यागी रसम ने अपने स्तर से मां गंगा की पवित्रता को बनाये रखने के लिए जन भागीदारी जन जागरण का हर सम्भव प्रयास करने का वादा किया।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कैंप का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों के पंजीकरण एवं लाइसेंस का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे व्यापारियों के पंजीकरण व बड़े व्यापारियों के लाइसेंस बनाए गए और बताया गया कि जिन व्यापारियों के पंजीकरण नहीं है उन पर 200000 का जुर्माना लगाया जाएगा और बड़े व्यापारियों पर लाइसेंस न होने पर 1000000 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

कैंप का आयोजन सहायक आयुक्त खाद अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा किया गया इसमें व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संदीप बंसल दिनेश सिसोदिया मुकेश प्रजापति मूलचंद गर्ग अमन सिसोदिया देवानंद कश्यप मुकेश गुप्ता संजय गुप्ता मोहित गोयल अनिल गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# ओम किड्स प्राइड पब्लिक स्कूल द्वारा वार्षिक उत्सव आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी राधे कृष्णा लाइन स्थित ओम किड्स प्राइड पब्लिक स्कूल द्वारा वार्षिक उत्सव आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया बच्चों द्वारा भगवान कृष्ण द्वारा कालिया नाग का वध कंस का वध द्रोपती का चीर हरण पंजाबी भांगड़ा भगत सिंह सुखदेव राजगुरु की फांसी का देश भक्ति का नाटय रूपांतरण किया गया। पार्षद द्वारा सभी लोगों को बालवीर दिवस के बारे में बताया गया कैसे सिख गुरु गो. विंद सिंह के बच्चों को मुस्लिम धर्म ना अपनाने के कारण दीवार में जिंदा चिनवा दिया था।

स्कूल के प्रबंधक एवं स्टाफ को बधाई दी गई उन्होंने बच्चों को इतना अच्छा मंचन सिखाआ स्कूल की तरफ से वहां की प्रधानाचार्य निशा गर्ग तृप्ति द्विवेदी सुमित्रा उपाध्याय सोनिया खन्ना रिचा शर्मा आरती एवं समाजसेवी श्यामवीर भदोरिया उपस्थित रहे।

## भारत का सीओपीडी संकट एक कार्डियोपल्मोनरी इमरजेंसी है

# नए उपचार गंभीर बीमारी की गति को बदलने का मौका देते हैं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के मामले हैं, जो 55.23 मिलियन हैं। सीओपीडी के कारण होने वाली वैश्विक मौतों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या, लगभग 0.85 मिलियन, भारत में होती है। सांस फूलने की समस्या के अलावा, सीओपीडी एक कार्डियोपल्मोनरी इमरजेंसी है: प्रत्येक एक्ससेर्बेशन से दिल का दौरा, स्ट्रोक, अतालता और हृदय-विफलता का रोग और अधिक बिगड़ जाना जैसी हृदय संबंधी तीव्र रोगों की घटनाएं हो सकती हैं, जिसमें भड़कने के बाद कई दिनों से लेकर हफ्तों तक इसका जोखिम बढ़ जाता है।

क्रोनिक हाइपोक्सिमिया और प्रणालीगत सूजन, फुफ्फुसीय उच्च रक्तचाप और दाएं तरफ होने वाली हृदय-विफलता को प्रेरित करती है, जिससे समय रहते, दिशानिर्देश-निर्देशित देखभाल जीवन रक्षक प्राथमिकता बन जाती है। फिर भी देखभाल में कमियां बनी रहती हैं: कई मरीजों को स्पिरोमेट्री जांच की उपलब्धता कम होती है और उन्हें अनुकूलित इनहेल्ड थेरेपी नहीं मिल पाती है। इसके चलते, अस्पताल में भर्ती होने की ऐसी स्थितियों से बचना कठिन हो जाता है जिन्हें अन्यथा टाला जा सकता है। परिणामस्वरूप, इलाज की लागत और मृत्यु दर बढ़ जाती है।

नए साक्ष्य-आधारित उपचार और देखभाल के रास्ते एक्ससेर्बेशन को कम करके, कार्डियोपल्मोनरी जोखिम कम करके और जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर इस कहानी को बदल सकते हैं। दिशानिर्देश-निर्देशित चिकित्साख्र अनुकूलित ब्रोन्कोडायलेशन और एंटी-इंफ्लेमेटरी उपचार पद्धतियों को यदि जल्दी शुरू कर दिया जाए और सही तरीके से उपयोग किए जाएख्र तो कार्डियोपल्मोनरी तनाव को कम हो जाता है। सिंगल-इनहेलर ट्रिपल थेरेपी, उपचार को सुव्यवस्थित करती है, उपचार प्रक्रिया के अनुपालन में सुधार करती है, और एक्ससेर्बेशन को कम करती है, जो पोस्ट-एक्ससेर्बेशन कार्डियोवस्कुलर घटनाओं को कम करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से, गंभीर सीओपीडी के लिए सटीकता आधारित उपचार प्रदान करना, और लक्षणों के अनुसार आवश्यक होने पर फुफ्फुसीय पुनर्वास, टीकाकरण और ऑक्सीजन थैरेपी देना, अस्पताल में भर्ती होने, स्टेरॉयड पर निर्भर होने और इनके कारण पैदा हो सकने वाले हृदय संबंधी जोखिमों को कम कर सकते हैं।

तेज से दीर्घकालिक देखभाल में संक्रमण को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि डिस्चार्ज से पहले ही एसआईटीटी को शुरू या अनुकूलित किया जाए, सही इनहेलर तकनीक सुनिश्चित की जाए और 7ख्र14 दिनों के भीतर फॉलो-अप तय किया जाए। हृदय सुरक्षा उपायों (बीपी, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी तथा लिपिड, मधुमेह और हृदय विफलता के दिशानिर्देश-आधारित प्रबंधन) और स्टेरॉयड-स्टीवर्डशिप के साथ मिलकर यह दृष्टिकोण रोगियों को अधिक सुरक्षित और प्रभावी देखभाल प्रदान करने का एक व्यावहारिक मार्ग प्रस्तुत करता है।

डॉ. रवि शेखर झा, हेड और सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद कहते हैं, 'दिल्ली के प्रदूषण ने सीओपीडी को इस क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ती श्वसन चुनौतियों में से एक बना दिया है। हालांकि हम रातोंरात हवा नहीं बदल सकते, लेकिन बेहतर निदान, समय पर उपचार की शुरुआत और इलाज के नियमित एवं निरंतर पालन के माध्यम से हम परिणामों को बदल सकते हैं।

# सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल ने कि नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल के द्वारा महानगर उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपी. चंद प्रधान की अनुमति से सिद्धार्थ विहार इकाई के अध्यक्ष चौधरी वसीम अली के निर्देशानुसार महामंत्री अक्षय कौल ने डॉक्टर अमन माथुर को कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र वर्मा को कानूनी सलाहकार एवं साधना सिंह को उपाध्यक्ष बनाकर टीम का विस्तार किया गया। साथ ही लंबे समय से व्यापारियों एवं समाज की सेवा करने वाले सेक्टर 11 व्यापार मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश शास्त्री, चेयरमैन ज्ञानेंद्र शर्मा, अध्यक्ष शिशुपाल वर्मा, महामंत्री प्रमोद गर्ग, सेक्टर 9 विजय नगर के चेयरमैन राकेश कौशिक, अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सेक्टर 12 संतोष मेडिकल रोड के अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री सचिन यादव, व्यापारी नेता मुशीर मंसूरी एवं डॉक्टर मोबिन, डॉ ब्रिज मोहन सिंह आदि विजयनगर लाइन पार क्षेत्र व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारीयों को शाल उड़ा कर सम्मान किया गया। बैठक में सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल के संरक्षक देवी सिंह नगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, उपाध्यक्ष नीलकमल वर्मा, मंत्री विनोद भट्ट, मंत्री सुरेंद्र कुमार, उदयवीर सिंह,सचिन शर्मा, मोहम्मद शाहिद, नरेश शर्मा, ऋषभ सोनी,राहुल, विनय जायसवाल आदि काफी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# आईटीएस में क्लीनिकल एकेडमिक एनहेन्समेंट कोर्स का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल सर्जरी, पीरियडोनटोलॉजी एवं पीडीऐट्रिक एवं प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभागों के द्वारा बीडीएस इंटर्न्स के लिये दो दिवसीय क्लीनिकल एकेडमिक एनहेन्समेंट कोर्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 92 इंटर्न्स ने भाग लिया जिसमें छात्रों को तीन समूह में विभाजित किया गया। आईटीएस-द एजुक. ेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के क्लीनिकल ज्ञान को सुदृढ़ करना तथा उन्हें दंत चिकित्सा की नवीनतम उपचार तकनीकों से अवगत कराना था। ओरल सर्जरी विभाग द्वारा विभिन्न मैनेजमेंट ऑफ डेन्टोफेशियल ट्रामा विद क्लोज्ड रिडक्शन विषय पर व्याख्यान एवं डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किए गये। विद्यार्थियों को डेन्टल कास्ट पर डायरेक्ट वायरिंग तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया तथा रोगी पर इसका लाइव प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही डेंटोफेशियल ट्रामा के मामलों में एरिच आर्क बार लगाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।पेरियोडॉन्टोलॉजी विभाग द्वारा मैगनिफिकेशन एंड लेजर इन डे-टू-डे पेरियोडॉन्टोलॉजी विषय पर विभिन्न व्याख्यान एवं हैंड्स-ऑन सत्र प्रस्तुत किये गये। इसमें छात्रों को ऑपरेटिंग डेन्टल लूप्स विभिन्न प्रकार के स्यूचरिंग तकनीकें, तथा रोगियों पर लेजर सर्जिकल एप्लिकेशन जैसे डिपिग्मेंटेशन, लेजर क्यूरेटेज एवं फ्रेनेक्टॉमी का लाइव प्रदर्शन किया गया। अंत में प्रतिभागियों ने टमाटर मॉडल पर सफलतापूर्वक हैंड्स-ऑन अभ्यास किया। पीडिएट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा स्पेस मेंटेनर्स विषय पर विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये गये जिसमें उन्होंने सभी छात्रों को रिमूवेबल स्पेस मेंटेनर्स, स्पेस गवर्नेंस, डिजाइन सिद्धांत, लाभ एवं सीमाओं की विस्तृत जानक. ारी दी गई। साथ ही संबंधित प्रक्रियाओं का क्लीनिकल लाइव डेमोंस्ट्रेशन एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्रों को क्लीनिक एवं एकेडमिक के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी छात्रों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपे जाने को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों और खेल परिसरों में लावा. रिस कुत्तों के प्रवेश रोकने के लिए दिशा-निर्देश दिए है। इसमें सुरक्षा संबंधी नियम उठाने से लेकर छात्रों और कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा।

वहीं निदेशालय ने शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपे जाने की प्रकाशित खबर को भ्रामक बताया और स्पष्ट किया कि इस तरह के कोई निर्देश जारी नहीं किए है। निद. ेशालय के अनुसार स्कूल चारद. ीवारी, गेट और फेंसिंग को मजबूत करेंगे। प्रत्येक संस्थान में नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा। जिसकी जानकारी प्रवेश द्वार पर प्रदर्शित करनी होगी। जीवों के व्यवहार को लेकर छात्रों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित और मामले को रिपोर्ट करना होगा।

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र होगा हंगामेदार

**सत्र के दौरान प्रदूषण, कथित भ्रष्टाचार व पिछली सरकारों के कामकाज को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी बहस होने के अ ासार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी 5 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और इसके हंगामेदार रहने के पूरे आसार हैं। सत्र के दौरान प्रदूषण, कथित भ्रष्टाचार और पिछली सरकारों के कामकाज को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है। रेखा गुप्ता सरकार ने साफ संकेत दिए हैं कि इस बार विधानसभा में कई अहम मुद्दों पर विपक्ष को घेरने की पूरी तैयारी है, जिससे आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

मंगलवार को दिल्ली सरकार के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में शीतकालीन सत्र को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा का यह सत्र चार दिनों तक चलेगा और इसमें सरकार दो से तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव सदन में पेश करेगी। मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर विशेष चर्चा कराई जाएगी और इस संबंध में एक प्रस्ताव लाया जाएगा, जिस पर सभी विधायक अपनी राय रख सकेंगे।

कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति, इसके पीछे के कारण, सुप्रीम कोर्ट में पूर्व सरकारों द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे, वैज्ञानिकों की रिपोर्ट, विभिन्न सरकारों की जिम्मेदारियां और पिछले 20 वर्षों का पूरा लेखा-जोखा विधान सभा के पटल पर रखा जाएगा। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वे अपने कार्यकाल में प्रदूषण नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों का विवरण सदन में रखें, ताकि खुली और सार्थक चर्चा के माध्यम से यह स्पष्ट हो सके कि कहां चूक हुई और आगे क्या सुधार किए जाने की आवश्यकता है। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार की ओर से तीन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक रिपोर्टें भी विधानसभा में पेश की जाएंगी। कपिल मिश्रा ने बताया कि इनमें शीशमहल से जुड़ी रिपोर्ट भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में कई सीएजी रिपोर्टें तैयार हो चुकी थीं, लेकिन उन्हें जानबूझकर सदन में रखने से रोका गया। वर्तमान सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी लंबित रिपोर्टों को विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2022 तक दिल्ली जल बोर्ड की कार्यप्रणाली से संबंधित विस्तृत सीएजी रिपोर्ट तथा वर्ष 2023 तक उच्च शिक्षा क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ी रिपोर्ट भी सदन में पेश की जाएंगी।

सरकार का कहना है कि इन रिपोर्टों के माध्यम से जनता के सामने सच्चाई लाई जाएगी। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र की औपचारिक शुरुआत 5 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के अभिभाषण से होगी। इसके बाद सदन की नियमित कार्यवाही प्रारंभ होगी। यह सत्र 8 जनवरी 2026 तक चलेगा। उद्घाटन दिवस पर कार्यवाही प्रातः शुरू होगी, जबकि शेष दिनों में विधानसभा की बैठकें दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएंगी। कुल मिलाकर, प्रदूषण, सीएजी रिपोर्टों और पिछली सरकारों के कार्यकाल को लेकर होने वाली चर्चा के कारण यह शीतकालीन सत्र राजनीतिक रूप से बेहद अहम और हंगामेदार रहने की संभावना है।

## मिस्ट स्प्रे सिस्टम का उपयोग प्राथमिकता के आधर पर: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मिस्ट स्प्रे सिस्टम का उपयोग उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों और चिन्हित हॉटस्पॉट्स में प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। यह व्यवस्था मानसून अवधि को छोड़कर वर्ष भर संचालित रहेगी, जिससे धूल उड़ने की समस्या पर निरंतर नियंत्रण रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इस प्रणाली की एक बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए सड़कों पर किसी प्रकार के अतिरिक्त निर्माण या अवसंरचना की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे यह उपाय व्यावहारिक और प्रभावी सिद्ध हो रहा है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण से निपटना केवल मौसमी या तात्कालिक कार्रवाई नहीं है, बल्कि इसके लिए फौरी उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक और संरचनात्मक सुधार भी आवश्यक हैं। बेहतर सड़कें, नियमित रखरखाव और धूल नियंत्रण की आधुनिक तकनीकें मिलकर ही राजधानी की वायु गुणवत्ता में स्थायी सुधार ला सकती हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, दिल्ली सरकार का स्पष्ट उद्देश्य विकास और पर्यावरण के बीच संत. ुलन बनाते हुए राजधानी के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जीवन वातावरण उपलब्ध कराना है।

## ब्यूटी पार्लर में हुई हुई थी चोरी , 3 नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के जहाँगीर पुरी थाने के पेट्रोलिंग स्टाफ ने ब्यूटी पार्लर में हुई चोरी का मामला सुलझाकर तीन नाबालिगों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से एक चोरी की स्कूटी और 4,500/- रुपये नकद बरामद किए है। आरोपियों ने आसानी से पैसे कमाने के इरादे से चोरी की थी। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर को जहाँगीर पूरी इलाके में अपराध और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए एसीपी जहांगीर पूरी योगेंद्र खोखर की देखरेख में टीम नियमित पेट्रोलिंग के दौरान, जब एच ब्लॉक, रामलीला ग्राउंड, जहाँगीर पुरी, के पास पहुंची, तो उन्होंने एक स्कूटी पर आ रहे तीन संदिग्ध को देखा। पुलिस स्टाफ को देखकर, उन्होंने ने यू-टर्न लिया और विपरीत दिशा में भागने की कोशिश की।

## इंस्टाग्राम से शुरू हुई रंजिश में युवक को मारे चाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में सोशल मिडिया पर हुए झगडे के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया स बताया जा रहा है झगड़ा इंस्ट्राग्राम पर शुरू हुआ था और जानलेवा हमले तक जा पहुंचा स जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम नेहरू विहार इलाके में एक दर्जन से ज्यादा युवकों ने 19 साल के युवक को घेरकर उस पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक को खून से लथपथ हालत में शास्त्री पार्क स्थित जगप्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर कई जगह गहरे घाव हैं और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घायल युवक की पहचान 19 वर्षीय रेहान के तौर पर हुई है, जो दयालपुर थाना क्षेत्र के नेहरू विहार का रहने वाला है। परिजनों के मुता. बिक करीब एक साल पहले रेहान का इलाके के कुछ लड़कों से इंस्टाग्राम पर विवाद हुआ था। उसी विवाद के बाद से आरोपी युवक से रंजिश रखने लगे और उसका पीछा करते रहे। कुछ दिन पहले भी रेहान पर हमला करने की कोशिश की गई थी, लेकिन तब वह किसी तरह बचकर निकल गया था।



**दिल्ली नगर निगम ने संशोधित बजट अनुमान तथा 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप देने की दिशा में स्थायी समिति की ६ विशेष एवं तदर्थ समितियों के अध्यक्षों ने भाग लिया।**

## निगम समिति अध्यक्षों ने पेश किए बजट प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने संशोधित बजट अनुमान तथा 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप देने की दिशा में प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में आज स्थायी समिति की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निगम की 6 विशेष एवं तदर्थ समितियों के अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा कि बैठक में पर्यावरण प्रबंधन सेवाएँ समिति, निर्माण समिति, स्वास्थ्य समिति, शिक्षा समिति, उद्यान समिति तथा ग्रामीण समिति के अध्यक्षों द्वारा विस्तृत रूप से बजट प्रस्ताव रखे गए। इन प्रस्तावों व सुझावों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने, निर्माण एवं रखरखाव कार्यों में सुधार, नागरिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, हरित क्षेत्रों एवं उद्यानों के संरक्षण तथा ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया।

स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि सभी समितियों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए एक समग्र, संतुलित एवं जनहितकारी बजट तैयार किया जाएगा। बैठक के दौरान विभिन्न समितियों के अध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित आवश्यकताओं, प्राथमिकताओं एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत सुझाव प्रस्तुत किए। इन सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्हें आगामी बजट में सम्मिलित किया जाएगा। विभिन्न समितियों द्वारा दिये किए गए सुझाव- पर्यावरण प्रबंधन सेवाएँ समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर द्वारा दियेगए सुझाव इस प्रकार हैं। प्रत्येक वार्ड में एक जेसीबी मशीन व स्वीपिंग मशीन की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक निगम पार्षद को दस स्वच्छता कर्मचारी अलग से दिए जाए ताकि वार्ड में उनसे कहीं भी सफाई कराई जा सके। डलावघर व सार्वजिनक शौचालयों की देखरेख के लिए अलग से बजट की व्यवस्था की जाए।

शिक्षा समिति के योगेश वर्मा द्वारा दिये किए गए सुझाव इस प्रकार हैं निगम के विद्यालय बहुत ही अच्छी लोकेशन पर है और उनके प्रवेश द्वार भी अलग से है,उनकी दीवार को विज्ञापन के लिए इस्तेमाल किया जा सकें, जिससे निगम को भी राजस्व प्राप्त होगा। निगम के जिन विद्यालयों के आस-पास के क्षेत्र में जनसंख्या ज्यादा है और उन विद्यालयों मे पर्याप्त जगह है तो उन विद्यालयों में ए.टी.एम. मशीन लगाने का प्रस्ताव है।

## प्रदूषण व कोहरे का डबल अटैक, विजिबिलिटी शून्य

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सर्दी के साथ-साथ प्रदूषण और घने कोहरे से हालात बेहद गंभीर हैं। लगातार दो दिनों तक अत्यधिक कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई इलाकों में 450 के पार पहुंच गया है।

हालात इतने खराब रहे कि बीती रात कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य दर्ज की गई, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिल्ली के विभिन्न वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों के आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 451, अशोक विहार में 433, रोहिणी में 446, वजीरपुर में 449 और चांदनी चौक में 432 दर्ज किया गया।

## न्यू ईयर पर इंडिया गेट व सीपी में वाहनों का प्रवेश बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नए साल की पूर्व संध्या पर यानि 31 दिसंबर को रात 7 बजे से कनॉट प्लेस में वाहनों का प्रवेश बंद हो जाएगा। ये प्रतिबंध जश्न खत्म होने तक जारी रहेगा। ये प्रतिबंध सभी निजी और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर लागू होगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि वैध पास रखने वालों को छोड़कर कनॉट प्लेस के आंतरिक, मध्य या बाहरी सर्कल में किसी भी वाहन यातायात की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी वाहन को इन जगहों से आगे कनॉट प्लेस की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। ये जगह हैं- गोलचक्कर (आर/ए) मंडी हाउस, बंगाली मार्केट, रंजीत सिंह फ्लाईओवर के उत्तरी फुट, मिंटो रोड-दीन दयाल उपाध्याय मार्ग क्रॉसिंग, मुंजे चौक के पास चेम्सफोर्ड रोड (नई दिल्ली रेलवे स्टेशन), आर. के. आश्रम मार्ग-चित्रगुप्त मार्ग क्रॉसिंग, आर/ए गोल मार्केट, आर/ए जी.पी.ओ., पटेल चौक, कस्तूरबा गांधी रोड- फिरोजशाह रोड क्रॉसिंग, जय सिंह रोड-बंगला साहिब लेन और आर/ए विंडसर प्लेस। वैध पास वाले वाहन ही आगे जा सकते हैं।

गोल डाक खाना के पास, काली बाड़ी मार्ग, पंडित पंत मार्ग, भाई वीर सिंह मार्ग, एआईआर के पीछे रकाब गंज रोड पर पटेल चौक के पास, कोपरनिकस मार्ग पर मंडी हाउस के पास बड़ौदा हाउस तक,डी.डी. पर मिंटो रोड के पास। उपाध्याय मार्ग और प्रेस रोड क्षेत्र,आर.के. आश्रम मार्ग, चित्रगुप्त रोड और बसंत रोड पर पहाडगंज की ओर पंचकुइयां रोड के पास, कोपरनिकस लेन पर के.जी. मार्ग-फिरोजशाह रोड क्रॉसिंग के पास और साथ ही के.जी. मार्ग से सी. हेक्सागन की ओर,आर/ए बंगाली मार्केट के पास-बाबर रोड और तानस. ेन मार्ग पर, विंडसर प्लेस के पास,राजेंद्र प्रसाद रोड,रायसीना रोड,पेशवा रोड पर गोले मार्केट के पास, भाई वीर सिंह मार्ग और आर.के. आश्रम रोड के साथ सर्विस रोड,जंतर-मंतर रोड, रायसीना रोड पर आर/ए बूटा सिंह के पास।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इंडिया गेट और उसके आसपास पैदल चलने वालों और वाहनों दोनों के ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए व्यापक ट्रैफिक व्यवस्था की है। पैदल चलने वालों की ज्यादा आवाजाही होने पर, गाड़ियों को सी-हेक्सागन, इंडिया गेट इलाके से गुजरने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। दिल्ली चिड़ियाघर में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना के कारण मथुरा रोड पर भीड़भाड़ होने की संभावना को देखते हुए आम जनता/मोटर चालकों को हजरत निजामुद्दीन और प्रगति मैदान के बीच भैरों रोड/मथुरा रोड से बचने की सलाह दी जाती है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने आगंतुकों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी है, क्योंकि इंडिया गेट पर पार्किंग की जगह कम है। पुलिस ने ये भी सलाह दी है कि वह धैर्य रखें, ट्रैफिक नियमों और सड़क अनुशासन का पालन करें।

## पालतू कुत्ते के काटने पर बवाल, दो पक्ष भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा के गीता कॉलोनी इलाके में पालतू कुत्ते द्वारा काटने की एक घटना ने देर रात माहौल गरमा दिया। मामूली कहा. सुनी देखते ही देखते विवाद में बदल गई और दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। हालात बिगड़ते देख पुलिस को मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ा।

पुलिस के मुताबिक 29 और 30 दिसंबर की दरमियानी रात करीब 11 बजकर 3 मिनट पर पीसीआर कॉल मिली। कॉलर रिजवान उर्फ राजू ने आरोप लगाया कि पड़ोसी नीलम सिंघल के पालतू कुत्ते ने उसके घरेलू कर्मचारी सार्थक नेगी को काट लिया। जब कुत्ते को काबू में रखने की बात कही गई तो नीलम सिंघल, उनकी नाबालिग बेटी, रिजवान और उसकी मां के बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस का कहना है कि कुछ ही देर बाद नीलम सिंघल ने अपने जानकारों को मौके पर बुला लिया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट कर चोट पहुंचाने के आरोप लगाए। नीलम सिंघल की ओर से उनकी बेटी और बाहर से आए युवकों के घायल होने का दावा किया गया, वहीं दूसरी ओर रिजवान, सार्थक नेगी और शाहिद ने भी खुद को चोटिल बताया। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौके पर किसी भी पक्ष पर स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## अरावली में खनन से दिल्ली के भूजल की गुणवत्ता खराब: शोध

**नई दिल्ली।** राजधानी की बढ़ती जल-समस्या केवल कमी तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी गुणवत्ता गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। राजधानी के भूजल में घुलता जहर आने वाले वर्षों के लिए एक खतरनाक संकेत दे रहा है। अरावली पहाड़ियों में हो रहे खनन गतिविधियों को मौजूदा समय में दिल्ली के भूजल को प्रदूषित करने वाले प्रमुख कारकों में सामने आ रही हैं। यह खुलासा नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के हालिया अध्ययन में हुआ है।

अध्ययन के अनुसार, केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित एक हालिया वैज्ञानिक अध्ययन ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है।

## दिल्ली जन विश्वास विधेयक-2026 मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026' को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली कैबिनेट में पारित इस विधेयक का उद्देश्य अनुपालन प्रक्रियाओं को आसान करना और छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना है ताकि अदालतों पर बोझ कम हो और प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार द्वारा लागू जन विश्वास (संशोधन उपबंध) अधिनियम, 2023/2025 के अनुरूप है, जिसके तहत केंद्रीय कानूनों में छोटे अपराधों को अपराधमुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस विधेयक की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस विधेयक के द्वारा दिल्ली सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यवसाय में सुगमता) और 'ईज ऑफ लिविंग' (जीवन में सुगमता) को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में लागू किए गए जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम के तहत केंद्रीय कानूनों में छोटे, तकनीकी और प्रक्रियात्मक उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया। इसी के अनुरूप, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भी अपने कानूनों की समीक्षा करने की सलाह दी गई थी। दिल्ली सरकार ने इसी दिशा में राज्य-स्तरीय विधायी सुधार के तहत अपने विभिन्न कानूनों की गहन समीक्षा की और पाया कि कई मामलों में आपराधिक दंड की जगह नागरिक (सिविल) दंड अधिक उपयुक्त और व्यावहा. रिक हैं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि यह विधेयक कानूनहीनता को बढ़ावा देने के लिए नहीं, बल्कि दंड की अनुपातिकता सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है।

इस विधेयक के लागू होने से छोटे, तकनीकी और प्रक्रियात्मक उल्लंघनों में आपराधिक मुकदमे समाप्त किए जाएंगे, उनकी जगह नागरिक दंड, प्रशासनिक जुर्माना और अपील की व्यवस्था होगी, गंभीर अपराध, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन से जुड़े मामलों में कठोर प्रावधान यथावत रहेंगे। इससे अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटेगा और प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी।

## एनडीएमसी एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में लगाएगी सुविधा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपना आने वाला सुविधा कैंप शनिवार, 03 जनवरी 2026 को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगाएगी। यह पहल पालिका परिषद के लगातार नागरिक आउटरीच प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है, जिसका मकसद नागरिकों से सीधा जुड़ाव मजबूत करना, सेवाएं प्रदान करने में सुधार करना और शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करना है।

पालिका परिषद ने सुविधा कैंप को एक सिंगल-विंडो सुविधा प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया गया है, जहाँ रहने वाले और स्टेकहोल्डर जानकारी ले सकते हैं, अपने आवेदन जमा कर सकते है और पालिका परिषद की एक बड़ी रेंज से जुड़ी समस्याओं को हल कर सकते हैं। निवासियों, सर्विस यूजर्स, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन , मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन , और परिषद के कर्मचारियोंख्रचाहे वे सेवा में हों या रिटायर्डख्रको इसमें हिस्सा लेने और मौके पर मदद का फायदा उठाने के लिए बढ़ावा दिया जाता है।इस सुविधा कैंप के दौरान, नागरिक बिजली संबंधित सेवाओं (जिसमें नए कनेक्शन, डिस्कनेक्शन, लोड बढ़ाना या घटाना, और नाम बदलना/ट्रांसफर शामिल हैं), प्रॉपर्टी टैक्स, जन्म और मृत्यु सर्टिफिकेट, कर्मचारियों की सर्विस से जुड़ी दिक्कतें, पानी - बिजली बिल जमा होना और सफाई, कचरा निपटान और सड़क की मरम्मत, पेंशन स्कीम (विधवा, बुढ़ापा और विकलांगता), साथ ही बारात घर और पब्लिक पार्क की बुकिंग, और पालिका परिषद की दूसरी सेवाओं से जुड़े मामलों पर बात कर सकेंगे।

## यात्री से मारपीट करने वाले निलंबित पायलट को मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निलंबित पायलट वीरेंद्र सेजवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। क्योंकि आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर यात्री अंकित दीवान पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज किया गया अपराध जमानती था। मामला दर्ज होने के बाद संबंधित सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए गए और बयान दर्ज किए गए। आरोपी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दिल्ली पुलिस ने घटनास्थल से इकट्ठा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच करने के साथ लोगों के बयान दर्ज किए । उसके बाद आरोपी कैप्टन को पूछताछ के लिए बुलाया गया। उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी से पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मामला 19 दिसंबर का है जब यात्री अंकित दीवान ने टर्मिनल एक पर वीरेंद्र सेजवाल पर मारपीट का आरोप लगाया था। घटना के समय सेजवाल ऑफ ड्यूटी थे और यात्रा करने एयरपोर्ट पहुंचे थे।

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पायलट को तुरंत ड्यूटी से हटा दिया था। एयरलाइन ने साफ कहा था कि इस तरह के व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी कर उससे स्पष्टीकरण मांगा। मामला सामने के बाद निष्पक्ष जांच के लिए एअर इंडिया एक्सप्रेस अगले सप्ताह एक बाहरी जांच समिति गठित करेगी। यह समिति घटना के हर पहलू की जांच करेगी और उसी के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी।

एयरलाइन अधिकारियों ने पीड़ित यात्री से भी संपर्क किया है और सहयोग का आश्वासन दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी इस घटना पर सख्त रुख अपनाया। मंत्रालय ने पायलट को तत्काल ग्राउंड करने का निर्देश दिया और औपचारिक जांच के आदेश दिए। बीसीएएस और सीआईएसएफ से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई।

## 2026 के संकल्पों के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी सब ने शानदार कहानियों के साथ भारतीय टेलीविजन के कुछ सबसे पसंदीदा पात्रों को आपके घरों तक पहुँचाया है। भावनाओं और साहस से भरी इन कहानियों ने दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इस साल की अविस्मरणीय यात्रा को याद करते हुए, सोनी सब की प्रसिद्ध अभिनेत्रियाँख्र श्रेनु पारिख, करुणा पांडे और सुम्बुल तौकीर ख्रअपने सबसे प्रभावशाली क्षणों को साझा कर रही हैं और 2026 के लिए अपनी उम्मीदों और संकल्पों के बारे में बताया। गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय में देवी पार्वती की भूमिका निभा रहीं श्रेनु पारिख ने कहा, 2025 मेरे लिए खुद को फिर से खोजने का साल रहा। एक ब्रेक के बाद टेलीविजन पर वापसी करना और पार्वती की गरिमा व शक्ति को जीवंत करने की चुनौती को स्वीकार करना, मुझे याद दिला गया कि मुझे इस कला से प्यार क्यों है।

इस भूमिका ने मुझे हर दृश्य में संतुलन, गहराई और ईमानदारी खोजने के लिए प्रेरित किया। दिव्य स्वरूप को निभाने से जो स्पष्टता मुझे मिली, उसने मुझे पहले से कहीं अधिक दयालु और साहसी बनाया है। 2026 में मैं सेट पर इसी उद्देश्य के साथ काम करना चाहती हूँ और मेरा संकल्प है कि मैं जो कुछ भी करूँ, उसमें इरादे, फोकस और प्रामाणिकता के साथ आगे बढ़ूँ।

## नशे में धुत ड्राइवर ने लोगों को रौंदा, गाड़ियों में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर- पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार रात नशे में धुत एक टैक्सी चालक ने सरेराह आतंक मचा दिया। शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र के शास्त्री पार्क चौक पर टैक्सी चला रहे चालक ने पहले गैस गोदाम के पास खड़े लोगों को टक्कर मारी, इसके बाद बिना रुके गाड़ी दौड़ाता हुआ आगे बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टैक्सी की रफ्तार बहुत तेज थी और चालक पूरी तरह नियंत्रण खो चुका था। इस दौरान सड़क किनारे खड़े कई लोग उसकी चपेट में आ गए और पार्किंग में खड़ी कारों व स्कूटरों को भी जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिलाओं समेत दस से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला के पैर की उंगलियां कटने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों ने



बताया कि टैक्सी में चालक के अलावा दो अन्य युवक भी सवार थे और तीनों शराब पी रहे थे। टैक्सी आगे बढ़ते हुए कादरी मस्जिद के पास भी लोगों को टक्कर मारती चली गई, जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। कुछ दूरी पर लोगों ने साहस दिखाते हुए गाड़ी को घेर लिया। इस दौरान चालक ने भागने की कोशिश की और हाथ में पकड़ी शराब की बोतल से एक युवक पर हमला भी किया, लेकिन गुस्साए लोगों ने उसे दबोच लिया। आक्रोशित भीड़ ने टैक्सी पर ईंट पत्थर भी बरसाए, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

पकड़े गए चालक की पहचान गाजियाबाद निवासी आबिद खान के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया।

## कोहरे के चलते 115 से अधिक उड़ानें रद्द, 16 डायवर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण मंगलवार को 115 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं और 16 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक विभिन्न एयरलाइंस की यहां से जाने वाली 58 उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा, दूसरे शहरों से यहां आने वाली 60 उड़ानें भी रद्द रहीं। यहां आने वाली 16 उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा। इसके अलावा 200 से अधिक उड़ानों में देरी होने की खबर है। दिल्ली हवाई अड्डे ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बताया कि सोमवार रात 10 बजे के बाद से ही कैट-3 की प्रक्रिया के तहत उड़ानों का परिच. ालन शुरू कर दिया गया था।

## रेहान वाड्रा ने दिल्ली की लड़की के साथ की सगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की सगाई की खबर सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है। रेहान की सगाई अवीवा बेग से होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि बेग खानदान की प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा से लंबे समय से पारिवा. रिक मित्रता है। बेग परिवार का गांधी परिवार से काफी पुराना परिचय है और इंदिरा गांधी के समय से ही इनके बीच जान पहचान है।

बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच सगाई का कार्यक्रम हो चुका है। सगाई कार्यक्रम में चुनिंदा लोगों को ही बुलाया गया। सगाई कार्यक्रम को काफी निजी रखा गया है। अवीवा और रेहान एक दूसरे को पिछले कई वर्षों से एक दूसरे के संपर्क में हैं।

रॉबर्ट वाड्रा और प्रियंका गांधी के बेटे रेहान एक विजुअल आर्टिस्ट हैं। अलग-अलग शहरों में रेहान अपने आर्टवर्क की प्रदर्शनी भी लगा चुके हैं। रेहान की कला में काफी रुचि है। रेहान का यही शौक है और पेशा भी।

बता दें कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से रेहान ने अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की। इसके बाद आगे की शिक्षा लंदन जाकर पूरी की। अवीवा बेग दिल्ली की रहने वाली हैं। दिल्ली के ही जाने-माने मॉर्डन स्कूल से उन्होंने पढ़ाई की है।

# मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को किया सम्मानित

## हापुड़ में निवेश व औद्योगिक विकास को मिली नई गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आमंत्रित कर प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हापुड़ में आयोजित इन्वेस्टर समिट की सफलता और क्षेत्र में औद्योगिक गति. विधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

बैठक में हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति पर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव ने प्राधिकरण द्वारा दर्ज की गई



उल्लेखनीय वित्तीय प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। जानकारी दी गई कि जहां वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राधिकरण को 112 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 435 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसे प्राधिकरण की प्रभावी कार्यशैली और पारदर्शी प्रशासन का परिणाम बताया गया। डा. नितिन गौड़ ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार जताते हुए बताया कि हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण क्षेत्र में सुव्यवस्थित शहरी विकास को आगे बढ़ाने के लिए जल्द ही हरिपुर आवासीय योजना की शुरुआत की जाएगी। साथ ही कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए संचालित आवासीय योजनाओं की प्रगति से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर 2025 को 956 आवासीय इकाइयों के आवंटन हेतु लकी ड्रा संपन्न कराया गया, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को अपने घर का सपना पूरा होने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार, नए औद्योगिक क्षेत्रें के विकास और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए लैंड बैंक तैयार करने जैसे विषयों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन सभी बिंद. ुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए क्षेत्र में निवेश को और प्रोत्साहित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष जोर दिया। इस मुलाकात को हापुड़-पिलखुवा क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

# तीन वर्षीय मासूम अपहरण मामले का खुलासा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने तीन वर्षीय मासूम बच्चे के अपहरण की घटना का खुलासा करते हुए महिला सहित दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। अपहरण किया गया मासूम बच्चा पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि बीते 26 दिसंबर को नगर कोतवाली क्षेत्र के तहसील चौराहे के पास से आरोपियों ने मासूम बच्चे को गर्म कपड़े दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया था। आरोपियों का उद्देश्य बच्चे को बेचने का था। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की




फुटेज खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। मंगलवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बरखा पत्नी अमित निवासी सटला थाना बीबीनगर, जनपद बुलंदशहर एवं शिवा पुत्र अशोक निवासी सिहानी बड़ौदा थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़ को दिल्ली रोड स्थित नाले के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस की तत्परता से मासूम बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त किया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# बिस्कुट फैक्ट्री में मजदूरों पर धारदार हथियार से हमला, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बिस्कुट निर्माण इकाई में सोमवार रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब काम कर रहे दो सगे भाइयों और उनके साथी पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, एटा जनपद के जलेसर थाना क्षेत्र के गांव मकस. ूदपुर आमका नगला निवासी मोहम्मद तारिक बीते कई वर्षों से अपने परिवार सहित हापुड़ के गांव खिचरा में रह रहे हैं। तारिक और उनके भाई नवेद गांव देहरा स्थित एक बिस्कुट फैक्ट्री में पिछले पांच वर्षों से कार्यरत हैं। बताया गया कि 29 दिसंबर की शाम फैक्ट्री में काम के दौरान गाजियाबाद के डासना क्षेत्र से आए कुछ युवकों ने वहां पहुंचकर गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। इसी दौरान फैक्ट्री में कार्यरत समीर ने बीच-बचाव का प्रयास किया, जिससे हमलावर और उग्र हो गए। आरोपियों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियार से नवेद और समीर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। पीड़ित तारिक की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बाद में कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद जनपद के थाना वेब सिटी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा डासना के मोहल्ला उस्मानगढ़ी निवासी शहजाद, निजामुद्दीन और बबलू को फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी सलीमुद्दीन के पुत्र बताए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा, तीन डंपर जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन के कारोबार पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिला. धिकारी के निर्देश पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात छापेमारी कर अवैध खनन में इस्तेमाल किए जा रहे तीन डंपरों को जब्त किया। हालांकि कार्रवाई के दौरान खनन से जुड़े लोग और मजदूर मौके से फरार हो गए।

प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कोहरे और सर्द मौसम का फायदा उठाकर खनन माफिया रात के समय सक्रिय हो गए हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसके




तहत एसडीएम के पर्यवेक्षण में खनन विभाग और पुलिस की टीमें गठित की गईं। इसी क्रम में जिला खनन अधिकारी प्रशांत कुमार के नेतृत्व में टीम ने पिलखुवा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने के प्रमाण मिले। टीम को देखकर मौके पर मौजूद लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों से अवैध खनन में प्रयुक्त तीन डंपरों को कब्जे में लिया गया। सभी जब्त वाहनों को पिलखुवा थाना पुलिस को सौंप दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। रात के समय सक्रिय माफिया पर अंकुश लगाने के लिए एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार ने अस्पताल में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक नगर निगम गाजियाबाद के सफाई विभाग में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

लखपत की मड़ैया निवासी 32 वर्षीय विश्वनाथ प्रताप सिंह मंगलवार को बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह पिलर नंबर 20 के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में तेज टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद



लोगों ने तत्काल घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम में कार्यरत सुपरवाइजर की असमय मौत से विभाग में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

# प्रभारी मंत्री ने ली सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं में किसी भी लाभार्थी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पहुंचे। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनमानस की विद्युत बिलों से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हों, उनका निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति




संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ही शासन की प्राथमिकता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने प्रभारी मंत्री को जनपद में चल रहे विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज मामलों की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, अपर जिला. धिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हुड़दंग किया तो हवालात में मनेगा नया सालः देवेंद्र सिंह बिष्ट

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सड़क या पार्टी में हुड़दंग मचाने वालों पर कानून का डंडा चलने वाला है। ऐसा करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। गढ़ कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि शराब पीकर रेस लगाने वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिसकर्मी सड़कों पर देर रात तक तैनात रहेंगे। दरअसल बीते वर्ष क्रिसमिस और नव वर्ष पर शराब पीकर युवाओं ने शहर में कई जगह हल्ला किया था। जिसके चलते इस वर्ष गढ़ पुलिस ऐसे लोगों से सख्ती से पेश आने की बात कह रही है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि जैसे ही कोई हल्ला करने की कोशिश करे तो उसे पकड़ लिया जाएगा। यानी शराब पीकर हुल्लड़ बाजी करने वाले युवाओं पर नया साल भारी पड़ सकता है, युवा वर्ग आराम से नए वर्ष का स्वागत करे, लेकिन वाहनों पर रेस लगाने और हुड़दंग मचाने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा। किसी को भी अपनी और दूसरों की जान से खेलने का हक नहीं है, उन्होंने बताया कि पूरा देश नए साल के जश्न में डूबा रहेगा अगर किसी ने हुड़दंग किया तो उसे पुलिस सख्ति से निपटेगी, पुलिस ने नए साल को लेकर पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं, प्रयास यह रहेगा की गढ़ क्षेत्र में रहने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### गया ग्रीटिंग्स का जमाना, अब हाइटेक हुआ बधाई संदेश भेजना

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सन 90 के दशक और उससे पहले जन्में लोगों ने ग्रीटिंग्स का दौर बाखूबी देखा है। नए साल में बधाई कार्ड भेजने का जो जोश और उत्साह होता था। अब उसने नया रूप ले लिया है। अब बधाई संदेश भेजने के लिए भी मैसेज का चयन लोग करने लगे हैं। हालांकि बाजार में ग्रीटिंग्स की दुकानें भी लगी है लेकिन अब उसके खरीदार कम ही हैं। अब लोग सोशल साइट्स का इस्तेमाल बधाइयों के लिए अधिक करने लगे हैं, जिस कारण ग्रिटिंग्स कार्ड की पूछ कम हो गई है। आधुनिकता के दौर में खुशियां मनाने के तौर-तरीके भी अनोखे हो चले हैं। नये साल में रिश्तेदारों व सगे-संबंधियों को बधाई देने के लिए लोग जहां ग्रिटिंग्स कार्ड का उपयोग किया करते थे। अब कार्ड की जगह इंटरनेट व एसएमएस ने ले ली है। अब तो बस हाय-हैलो और हैप्पी न्यू ईयर 2026 बोल-बोलकर ही काम चलाया जा रहा है। एक समय था जब संदेश पहुंचाने के लिए कबूतरों व संदेश वाहकों का सहारा लिया जाता था। फिर विकास हुआ और लोगों के संदेश पहुंचाने का माध्यम डाकघर बना। जहां चिट्ठी व टेलिग्राम के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाया जाता था और इसी माध्यम से लोग अपने सगे-संबंधियों का कुशल क्षेम जानते थे। शिक्षक बिजेंद्र त्यागी बताते हैं, कि हम बधाई संदेश लिखने के लिए तरह तरह की शायरी का इस्तेमाल करते थे। याद आता है कि मार्केट नई और बढ़िया डिजाइन वाली ग्रीटिंग्स से गुलजार हो जाता था। लिफाफा देखते ही मन में एक अलग सा उत्साह रहता था। इसके लिए पहले से पैसा जोड़े जाते थे। स्कूल टाइम में सर या मैम को ग्रीटिंग्स देना हो या सहपाठियों को। एक अलग ही दौर था वो। समय के साथ संदेश भेजने के तरीके भी बदले समय के बदलाव के साथ-साथ लोगों के संद. ेश भेजने के तौर तरीके भी बदले। खासकर किसी खुशी के मौके पर संदेश भेजने के लिए ग्रिटिंग्स कार्ड का सहारा लिया जाने लगा। खासकर बच्चे व लड़कियां तो ग्रिटिंग्स को ले दीवाने हो चले थे। ऐसे मौकों से लगभग एक माह पूर्व ही बच्चे तैयारी में लग जाते थे और तरह-तरह के रंग-बिरंगे ग्रिटिंग्स कार्ड खरीद कर बधाई संदेश भेजते थे। सबसे अच्छा ग्रिटिंग्स किसका है, इसको लेकर भी बच्चों में होड़ मची रहती थी। दुकानों पर रंग-बिरंगे व तरह-तरह के ग्रिटिंग्स कार्ड सजे नजर आते थे। और जम कर ग्रिटिंग्स कार्ड की खरीदारी होती थी।

**मरहूम शायर मुंशी शेर खां बूम मेरूठी।**

**कविता**

**आसमाँ के धोके में...।**



फँसे कुछ ऐसे हम
आह-ओ-फुग़ाँ के धोके में
धुआँ समेट लिया आसमाँ के
धोके में...।
ये क्या ख़बर थी कि ख़ुद कर
रहे हैं दरबानी
लिपट गया मैं उन्हीं पासबाँ के
धोके में...।
जो छत की तीलियाँ गल सड़ के गिर पड़ें नीचे
क़फ़स पे बर्क़ गिरी आशियाँ के धोके में...।
खुरनड नोच दिए जब तमाम ज़ख़्मों के
रहे वो दिल में मिरे गुल्सिताँ के धोके में...।
ये किस का दर है कुछ इतनी ख़बर नहीं मुझ को
झुकाया सर को तिरे आस्ताँ के धोके में...।
शब-ए-विसाल में दाढ़ी मुंडाई काम आई
लिपट गए वो मुझे नौजवाँ के धोके में...।
फँसी सराब में मुझ ना-मुराद की कश्ती
है नाख़ुदा अभी आब-ए-रवाँ के धोके में...।
सुनाई यार को शेश्रों में इश्क़ की रूदाद
वो आ गए मिरे तर्ज़-ए-बयाँ के धोके में...।
जो पूछा ग़ैर के घर क्यों गए तो फ़रमाया
पहुँच गए वहाँ तेरे मकाँ के धोके में...।
किया वो चर्ब-ज़बानी से काम क़ासिद ने
सुनाया हाल मिरा दास्ताँ के धोके में...।
न होगा श्बूमश सा दुनिया में चूतिया कोई
बहार में भी रहा ये ख़ज़िाँ के धोके में...।

**BY- फरीद बूम मेरूठी**

# संदिग्ध हालात में सिखैड़ा निवासी 35 वर्षीय कर्मवीर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सिखैड़ा निवासी 35 वर्षीय कर्मवीर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने सुबह सड़क किनारे शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराई और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। परिजनों के अनुसार भी मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक ठंड के कारण युवक की मौत हो सकती है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में क्षेत्राधिक. ारी अनीता चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# गांधी बाजार में नगर पालिका की सख्ती, समस्याओं पर लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर के प्रमुख व्यापा. रिक क्षेत्र गांधी बाजार में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर नगर पालि. का प्रशासन हरकत में आ गया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह और वार्ड सभासद अंशुल मित्तल ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पुरानी नगर पालिका क्षेत्र की कई मूलभूत समस्याएं सामने आईं।

निरीक्षण के समय नालियों में जमी गंदगी, जल निकासी की खराब व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की जर्जर हालत, जगह-जगह क्षतिग्रस्त स्ट्रीट लाइटें और समय पर कचरा न उठाए जाने जैसी कमियां पाई गईं। अधिकारियों ने माना कि यह क्षेत्र अत्यधिक व्यस्त होने के कारण विशेष ध्यान की मांग करता है, क्योंकि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन और व्यापारी आते-जाते हैं। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने मौके पर मौजूद पालिका कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाने, नालियों की मरम्मत कराने, खराब लाइटों को दुरुस्त करने और जलभराव की समस्या को दूर करने के आदेश दिए गए। सभासद अंशुल मित्तल ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों को चेताया कि तय समय-सीमा में



सुधार कार्य पूरे न होने की स्थिति में जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया। लोगों का कहना है कि यदि निर्देशों पर सही तरीके से अमल हुआ तो गांधी बाजार की वर्षों पुरानी समस्याओं से राहत मिल सकेगी और क्षेत्र में स्वच्छता व व्यवस्था बेहतर होगी।

# नियम तोड़ने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग का शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के आगमन को देखते हुए सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए परिवहन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया। मंगलवार को बाबूगढ़ क्षेत्र में परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस अभियान का नेतृत्व एआरटीओ रमेश चौबे ने किया। कार्रवाई के दौरान हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर दो पहिया, चार पहिया और व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन सामने आए, जो बिना पंजीकरण, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और वैध फिटनेस के सड़कों पर फर्राटा भर रहे थे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर करीब दो दर्जन वाहनों को सीज कर दिया गया, जिससे वाहन चालकों में



हड़कंप मच गया। परिवहन विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि फिटनेस अवधि समाप्त होने के बावजूद सड़कों पर चल रहे वाहन दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। जांच के दौरान कुछ वाहन चालकों को मौके पर ही सख्त चेतावनी दी गई, जबकि गंभीर मामलों में सीधे कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए गए। एआरटीओ रमेश चौबे ने कहा कि नववर्ष के दौरान यातायात का दबाव बढ़ जाता है, ऐसे में नियमों का पालन बेहद जरूरी है। यात्रियों और आमजन की सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है और नियमों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह अभियान जारी रहेगा। परिवहन विभाग की इस सख्ती से क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

# पीएमएफएमई योजना के तहत बैनीफिशयरी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, हापुड़ में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय बैनीफिशयरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सभासद पवन भास्कर एवं राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, मेरठ के प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को लेखन सामग्री का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में केन्द्र के प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए दक्ष बनाना है। उद्घाटन अवसर पर



सेवानिवृत्त खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा, सेवा. निवृत्त प्रभारी सुशील कुमार सिरो. ही, सेवानिवृत्त प्रभारी प्रवेन्द्र गुगर, सेवानिवृत्त अधिकारी गरेन्द्र कुमार, आरपी मुखिया सुरक्षा अधिकारी, उद्योग विभाग से सलीम, एलडीएम राजीव कुमार गुप्ता, आदेश गौतम, अनिल सोलंकी बीआरपी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें बैनीफिशयरी से संबंधित तकनीकी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण लाभार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में सहायक सिद्ध होगा।

# लूट के मामले में चार बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना कासना पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर से कार लूट के मामले में वांछित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में मुठभेड़ में पहले सोमवार को कार लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि पूछताछ के आधार पर उनके दो अन्य सहयोगियों को भी दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट में इस्तेमाल बाइक और लूट से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व नकदी बरामद की है।

एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि 24 दिसंबर को थाना कासना पर एक व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था। वादी ने शिकायत की थी कि गांव चीरसी क्षेत्र में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी स्विफ्ट कार को लूट लिया था। बदमाश कार के साथ-साथ वादी का पर्स भी ले गए थे, जिसमें एटीएम कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, आधार कार्ड और करीब 20 हजार रुपये नकद मौजूद थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही दबिश और सुरागकशी के दौरान दिनांक सोमवार को ओमिक्रॉन प्रथम-ए की सर्विस रोड पर ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में संदिग्धों को घेरा. बंदी की गई। खुद को पुलिस से घिरा देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमित उर्फ मुतू कसाई निवासी गांव शावली थाना सिकन्द्राबाद जिला बुलंदशहर और शैलेन्द्र निवासी कानऊ थाना हसायन जिला हाथरस के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए दोनों आरो. पियों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इस संबंध में थाना कासना पर आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्विफ्ट कार और दो अवैध तमंचे मय दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक मंगलवार को गांव सांवली थाना सिकन्द्राबाद जिला बुलंदशहर से धर्मेन्द्र यादव और अनुराग उर्फ अन्नू को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के कब्जे से लूट से संबंधित अहम सामान बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अनुराग उर्फ अन्नू के पास से 430 रुपये नकद बरामद हुए। जबकि आरोपी धर्मेन्द्र के कब्जे से एक बिना नंबर की यामाहा मोटरसाइकिल, वादी का आधार कार्ड, पैन कार्ड, एचडीएफसी बैंक का विजा कार्ड, आईसीआईसीआई बैंक का विजा प्लेटिनम कार्ड, एसबीआई का एमटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। यह बाइक लूट की घटना में प्रयुक्त की गई थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य अभियुक्त अमित उर्फ मुतू कसाई का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर जनपद में लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आरो. पी शीलेन्द्र और अन्य सहयोगियों के खिलाफ भी इसी लूट कांड से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।

# कल इन रास्तों से एंट्री होगी बैन, गलत पार्किंग पड़ेगी भारी, ट्रैफिक एडवाइजरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने नववर्ष के जश्न को लेकर होने वाली भीड़ के मद्देनजर वाहनों के रास्तों में बदलाव की योजना तैयार की है। सेक्टर-18, 104 समेत कई जगह बुधवार दोपहर दो बजे से देर रात तक वाहनों के रास्तों में बदलाव रहेगा। जरूरत पड़ने पर एक जनवरी को भी वाहनों के रास्तों में बदलाव किया जाएगा। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-18 के अलावा शहर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित जीआईपी, गार्डन गलेरिया, डीएलएफ, सेंटर स्टेज, लॉजिक्स, मोदी मॉल और मुख्य बाजारों के आसपास यातायात को लेकर सर्वे किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-18 में लोग अट्टा पीर की तरफ से आकर एचडीएफसी बैंक के कट, रेडिसन होटल के तिराहे से बहुमंजिला पार्किंग में वाहन खड़े करने के लिए प्रवेश कर सकेंगे। इनके अलावा बाकी कट बंद रहेंगे या फिर उनसे सेक्टर-18 से सिर्फ बाहर निकल सकते हैं। सेक्टर-18 या आसपास की किसी सड़क पर अगर कोई वाहन सड़क पर खड़े मिला तो उसे तुरंत क्रेन से उठाकर कार्रवाई की जाएगी। वाहन सिर्फ सेक्टर-18 में बहुमंजिला पार्किंग में ही खड़े कर सकेंगे। इसके अलावा जीआईपी और गार्डन गलेरिया मॉल के अंदर पार्किंग में वाहन खड़े हो सकेंगे।

**नो पार्किंग क्षेत्र:** नर्सरी तिराहे से अट्टा चौक मेट्रो स्टेशन सेक्टर-18 की ओर व मेट्रो स्टेशन से अट्टापीर की ओर जाने वाले मार्ग को नो पार्किंग क्षेत्र बनाया गया है।

**इन रास्तों से एंट्री होगी बैन**

1. गुरुद्वारा सेक्टर-18 के आगे एफओबी से पहले व बाद में
2. सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के नीचे से और बाजार की ओर जाने वाले वाला रास्ता
3. सोमदत्त टावर से टॉयस ख्वाजा चौराहा, हल्दीराम चौराहे से चाईना कट की ओर
4. सेक्टर-18 बिजलीघर तिराहे से सेक्टर-18 की ओर कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा।
5. आवश्यकता पडने पर सैक्टर-17,18 नलकूप तिराहा से नर्सरी तिराहा की ओर जाने वाले वाहनो का प्रवेश बन्द किया जायेगा।

**बुधवार दोपहर से ही लागू होंगे डायवर्जन:** नोएडा पुलिस के डीसीपी (यातायात) डॉ. प्रवीन रंजन ने कहा कि बुधवार दोपहर से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों के रास्तों में बदलाव को लागू कर दी जाएगी। लोग निर्धारित पार्किंग में वाहन खड़े करें। दूसरी जगह खड़ा करने पर तुरंत क्रेन से उठवा दिया जाएगा। जाम की समस्या होने पर हेल्प लाइन नंबर-9971009001 से मदद ले सकते हैं।

## गांजे की तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-20 और 39 थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गांजे की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मोरना गांव निवासी समीर खान मंगलवार को सेक्टर-27 के तिकोनिया पार्क के पास से पकड़ा गया। उसके बैग से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा मिला। वहीं, बिहार के मो. तिहारी निवासी दीप कुमार को थानाक्षेत्र स्थित महर्षि आश्रम वाली रोड के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

# जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आगामी नववर्ष के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।



इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा विभाग की अलग अलग टीमों द्वारा संपूर्ण जनपद में एक साथ विभिन्न रेस्टोरेंट पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए निरीक्षण एवं छापा/नमूना संग्रहण की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि सेक्टर-132 नोएडा स्थित मैकडॉनल्ड रेस्टोरेंट से रियूज्ड कुकिंग रिफाइंड पॉम ऑयल का 01 नमूना तथा सेक्टर-135 नोएडा स्थित सबवे से चिकन क्यूब का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर पटेल द्वारा लिया गया। सेक्टर-74 नोएडा स्थित के एफ सी रेस्टोरेंट से कु. कंग राइसब्रान ऑयल का 01 नमूना, पिज्जा हट से सॉस का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओ पी सिंह द्वारा लिया गया। गौर सिटी मॉल ग्रेटर नोएडा स्थित डोमिनोज से पिज्जा का 01 नमूना तथा इमली रेस्टोरेंट से डोसा का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह द्वारा लिया गया। सेक्टर-62 नोएडा स्थित मैकडॉनल्ड रेस्टोरेंट से रियूज्ड कुकिंग पॉम ऑयल का 01 नमूना तथा सेक्टर 63 नोएडा स्थित डोमीनों' एस पिज्जा से चीज व डो का 01-01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर सरोज द्वारा लिया गया। नॉलेज पार्क 2 स्थित केएफसी रेस्टोरेंट से खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती द्वारा पॉपकॉर्न राइस बॉल (नॉनवेज) का 01 नमूना लिया गया। टप्पल रोड जेवर स्थित जोमिनों' डी पिज्जा से पिज्जा का से 01 नमूना एवं बुंदेला चौक जेवर से दूध का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविंद्र नाथ वर्मा द्वारा लिया गया। सेक्टर-18 डी एल एफ मॉल स्थित डोमिनोज से पैपी पनीर पिज्जा का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी रितु सक्सेना द्वारा लिया गया। बीटा-2 ग्रेटर नोएडा स्थित बर्गर किंग से पनीर पेटीज का 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल कुमार गुप्ता द्वारा लिया गया। क्लियो स्ट्रीट, क्लियो काउंटी, सेक्टर-121, नोएडा स्थित सबवे रेस्टोरेंट पर 42.84 किग्रा इटेलियन (व्हाइट) डफ ब्रेड स्टिक पर अंकित न होने के कारण 01 नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस के पांडेय ने संग्रहीत कर शेष सीज किया गया तथा विनिर्माण इकाई को भी को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस प्रेषित किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 14 नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं। प्रवर्तन कार्यवाही देर रात जारी रहेगी तथा प्रतिष्ठानों के निरीक्षण में मिल रही कमियों पर सुधार नोटिस निर्गत निगत किए जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्री. हत करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

## एक नजर

### महिला अधिकारों की जानकारी दी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के थाना क्षेत्रों में मंगलवार को महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा जागरुकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साइबर ठगी के प्रकार और इससे बचने के उपायों के बारे में बताया।

### गाली-गलौज के विरोध पर पत्नी को चाकू से गोदा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में शनिवार दोपहर गाली-गलौज कर रहे पति का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया। गुस्से में पति ने पत्नी को चाकू से गोद दिया। महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। फेज-वन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पीड़िता आरती देवी ने पुलिस को बताया कि वह पति प्रवीन कुमार उर्फ पिंटू और बच्चों के साथ सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में रहती हैं। पति से आए दिन झगड़ा होता रहता है। 27 दिसंबर की दोपहर करीब ढाई बजे पति ने घरेलू बातों को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। बच्चों के सामने ही गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता ने जब बच्चों की मौजूदगी में गाली-गलौज न करने की बात कही तो पति को इस कदर गुस्सा आया कि उसने स्टैंसिल चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने महिला की पीठ पर चाकू से लहूलुहान अवस्था में गिरने तक वार करता रहा। स्थानीय लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गया। लोगों ने पुलिस की मदद से पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अखबार बांटने वालों पर शुल्क लगाने का विरोध

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पंचशील ग्रीन वन सोसाइटी में प्रवेश के लिए एओए द्वारा अखबार बांटने वाले वेंडरों पर शुल्क लगाने का लोगों ने विरोध किया है। लोगों का कहना है कि इस कारण उनके वेंडर ने अखबार डालना बंद कर दिया है। सोसाइटी में रहने वाले विकास ने बताया कि एओए ने अखबार वालों के प्रवेश पर 500 रुपये मासिक शुल्क लगाया है। इतना ही नहीं बढ़ई, पेंटर सहित अन्य काम करने वालों से भी मासिक शुल्क लेने का निर्णय लिया है। लोगों का कहना है कि इसके बाद से वेंडरों ने अखबार देना बंद कर दिया है। वेंडर नीरज ने कहना कि अखबार वालों के आमदनी कम होती है। एओए द्वारा शुल्क लेना गलत है। इस कारण उन्होंने सोसाइटी में आना ही बंद कर दिया है। एओए के सचिव संदीप चौधरी ने बताया कि वेंडरों का वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। अखबार वालों से 500 रुपये का शुल्क मांगा है, जिसके बाद उन्हें कार्ड बनकर दिया जाएगा। ये रकम सोसाइटी के खाते में जाएगी।

### शादी से मना करने पर बिजली के टावर पर चढ़ा युवक

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जारचा रोड स्थित शाहपुर गांव के समीप एनटीपीसी के हाई टेंशन बिजली के टावर नुमा खंबे पर युवक चढ़ गया। युवक क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से प्रेम करता है। शादी करने की मांग से युवती द्वारा इंकार करने पर ही वह 50 फुट की ऊंचाई पर चढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित युवक को टावर से उतारा गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिला बुलंदशहर का रहने वाला पंकज ग्रेनो के सूरजपुर में ओए होटल में नौकरी करता है। वहां पर उसकी किसी युवती से दोस्ती हो गई। उससे शादी करने की मांग करने पर युवती ने मना कर दिया। जिससे परेशान होकर युवती के क्षेत्र में जाकर सोमवार को हाईटेंशन बिजली लाइन के टावर पर 50 फूट की ऊंचाई पर पहुंच कर बैठ गया। वहां से परिचितों के पास लोकेशन भेजने लगा। युवक के हाईटेंशन बिजली लाइन पर चढ़ने के दौरान आसपास के क्षेत्रों से लोग जुटने लगे। उसे नीचे आने के लिए कहा लेकिन वह नहीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवती के पिता को बुलाया। उसके कहने पर युवक करीब तीन घंटे बाद टावर से नीचे उतरकर आया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## नया हाथरस यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक बसेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नया हाथरस अर्बन सेंटर यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक बसाने की तैयारी है। शहर का मास्टर प्लान 2041 के लिए टेक्निकल बिड में तीन कंपनियों ने क्वालिफाई किया है। अब वित्तीय बिड में क्वालिफाई करने वाली कंपनी शहर का मास्टर प्लान तैयार करेगी।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि फेज-2 के तहत हाथरस का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया था, इनमें आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट लिमिटेड, गरुणा यूएसबी सॉफ्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और एलईए एसोसिएट साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड ने सीईओ आरके सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया था, जिसमें तीनों ने क्वालिफाई कर लिया है।

अब जल्द ही वित्तीय बिड निक. ाली जाएगी। जिसके बाद किसी एक कंपनी का चयन कर पहले सिर्फ 4000 हेक्टेयर का मास्टर प्लान तैयार कराया जाएगा जोकि सिर्फ एक्सप्रेसवे के नजदीक का होगा। प्राधिकरण का मानना है कि शहर की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए पहले यमुना एक्सप्रेसवे के पास में ही औद्योगिक गतिविधियां कराई जाएगी, इसके बाद आगे की रणनीति तैयार होगी। ब्रिटिश काल में औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र रहा ऐतिहासिक रूप से हाथरस ब्रिटिश काल में एक बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र रहा। हालांकि समय बीतने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुविधाओं के अभाव में इसका महत्व घट गया।

# नोएडा और ग्रेनो के बीच नया संपर्क मार्ग बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लोगों को बेहतर यातायात व्यवस्था और कनेक्टिविटी की सुविधा देने के लिए इस साल नोएडा प्राधिकरण कई महत्वपूर्ण कदम उठाएगा। नोएडा को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने के लिए सेक्टर-146 होते हुए नई कनेक्टिविटी मिलेगी। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर दो नए अंडरपास का काम शुरू होगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026 में करीब दस महत्वपूर्ण परियोजनाएं बनकर तैयार हो जाएंगी। इससे लोगों को यातायात व्यवस्था से लेकर नए पार्कों में घूमने का मौका मिलेगा। सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक जनवरी के अंत तक शुरू हो जाएगा। फिल्म सिटी रास्ते का जाम खत्म करने के लिए बन रहे चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम वर्ष 2027 के अंत तक पूरा होगा।

सेक्टर-146 से नई कनेक्टिविटी मिलेगी नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और परी चौक पर जाम में कमी लाने के लिए नोएडा से ग्रेनो के बीच नई कनेक्टिविटी की शुरुआत अप्रैल-मई तक हो जाएगी। सेक्टर-146-147 के सामने से हिंडन पर पुल बनाकर ग्रेटर नोएडा के एलजी गोलचक्कर को जोड़ा जाएगा। करीब छह साल से इसका काम चल रहा है। जमीन विवाद के कारण इसमें देरी हुई। अब इस नई कनेक्टिविटी की शुरुआत होने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

**सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण को अपना नया दफ्तर मिलेगा:** करीब दस साल से सेक्टर-96 में बन रहे नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर का काम अंतिम चरण में है। नए साल में मार्च-अप्रैल तक यह पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। होटलनुमा स्टाइल में बनाए गए प्राधिकरण के अधिकांश एक ही जगह होने से लोगों को राहत मिलेगी। अभी नोएडा प्राधिकरण का मुख्य दफ्तर सेक्टर-6 में है। बाकी छोटे दफ्तर अलग-अलग सेक्टर में हैं।

**डियर और जापानी पार्क की शुरुआत:** सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में डियर पार्क सनसेट सफारी का निर्माण अगले एक-डेढ़ महीने में शुरू हो जाएगा। इस साल के अंत तक इस पार्क की शुरुआत हो जाएगी। यह पार्क करीब 32 एकड़ में बनाया जाएगा। इसमें हिरण के 9 बाड़े बनाए जाने हैं। हर बाड़े में अलग-अलग 10 प्रजाति के हिरण रखे जाने हैं। एक-एक बाड़े में 40-40 हिरण होंगे। इसके साथ ही पर्यटकों को और आकर्षित करने के लिए एक झीलनुमा बड़ा जलाशय भी बनाया जाएगा। इसमें अलग-अलग तरह के जलीय पक्षियों को लाया जाएगा जिनका कलरव भी मन मोहेगा। सनसेट सफारी रात 10 बजे तक खुली रहा करेगी। इसके अलावा सेक्टर-94 में जापानी थीम पर बन रहा जापानी पार्क भी बनकर तैयार हो जाएगा। सेक्टर-62 में पहले से मौजूद डी-पार्क नए रंग-रूप में नजर आएगा।

**जिले की पहल पजल पार्किंग शुरू होगी:** सेक्टर-63 में जिले की पहली पजल पार्किंग की शुरुआत पांच-छह महीने में हो जाएगी। इस पार्किंग में कम जगह पर ऊपर-नीचे अधिक वाहन खड़े हो सकते हैं। इसके बाद अगले चरण में सेक्टर-15 में अलका सिनेमा के पास और सेक्टर-126 में बनाई जाएगी।

**स्काईवॉक शुरू होगा:** सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशन को जोड़ते हुए स्काईवॉक का निर्माण चल रहा है। इस स्काईवॉक की शुरुआत फरवरी 2026 में हो जाएगी। अभी लोगों को दोनों स्टेशन से नीचे उतरकर आना-जाना पड़ता है। स्काईवॉक पर एयरपोर्ट की तर्ज पर ट्रेवलेटर लगाए गए हैं। ऐसे में लोगों को ज्यादा चलने की जरुरत भी नहीं पड़ेगी।

# फरवरी में सजेगा फूलों का संसार, तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी की तैयारी शुरू; थीम फ्लावर होगा 'कैलेंडुला'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन आगामी वर्ष फरवरी माह में किया जायेगा। इस पुष्प प्रदर्शनी में ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों, ग्रीन बेल्ट व गोलचक्करों की भी सहभागिता होगी। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को ईनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर आगामी फरवरी माह के 27, 28 फरवरी और 1 मार्च 2025 को आयोजित होने जा रहे इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी की तैयारी में प्राधिकरण का उद्यान विभाग जोर-शोर से जुटा है। इस बाबत ग्रेटर



नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्र. बंधक संदीप चंद्रा ने मंगलवार को उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और इन सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संदीप चंद्रा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में कुल 29 सेंट्रल वर्ज, 45 ग्रीन बेल्ट और 41 गोलचक्करों को एडॉप्शन पर देकर विकसित कराया गया है। इन सभी को पुष्प प्रदर्शनी में हिस्सा लेने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की कोशिश है कि इस बार की पुष्प प्रदर्शनी को पहले की तुलना में और बृहद स्तर पर आयोजित किया जाए।उन्होंने बताया कि आवासीय सेक्टरों, ग्रीन बेल्ट व गोलचक्करों की तरफ से क्यारी बनाकर थीम फ्लावर कैलेंडुला को प्रदर्शित किया जाएगा। सबसे सुंदर प्रस्तुतिकरण करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

बैठक में डीजीएम उद्यान एसके जैन, उपनिदेशक नथोली सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक अजित भाई पटेल, राकेश बाबू, राम कुमार, सहायक निदेशक बुद्ध विलास, प्रबंधक प्रशांत समाधिया व मिथलेश कुमार शामिल रहे।

## बीएमडब्ल्यू की भीषण टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के अंतर्गत निहारी स्थित सरस्वती स्कूल के सामने सोमवार देर रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक साइकिल सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए और साइकिल सवार सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने इस दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान 49 वर्षीय अशोक शर्मा के रूप में की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक नोएडा के बरौला गांव के निवासी था। जानक. ारी के अनुसार, अशोक देर रात अपने काम खत्म कर घर वापस लौट रहा था, तभी काल बनी लग्जरी कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही सेक्टर-20 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान अवस्था में अशोक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

**कार चालक पुलिस हिरासत में:** हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और दुर्घटना में शामिल बीएमडब्ल्यू कार और उसके चालक को हिरासत में लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी चालक की पहचान महाजन के रूप में की। हादसे में शामिल बीएमडब्ल्यू कार को जब्त कर लिया गया है। साथ ही आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या चालक नशे की हालत में था या कार की रफ्तार सीमा से अधिक थी।

## क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर 42 हजार की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी के कर्मचारी का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल कर साइबर अपराधियों ने 42 हजार 400 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी अब्दुल आलम गाजी ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर को उन्हें मोबाइल पर आए मैसेज से पता चला कि उनके क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर2400 रुपये ट्रांजेक्शन किए गया हैं। यह राशि फ्लिपकार्ट ई-गिफ्ट कार्ड की खरीद की गई। वहीं, 40 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन भी की गई।

पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में उनके मोबाइल न पर न तो कोई ओटीपी आया और न ही कोई उन्होंने किसी के साथ कार्ड का सीवीवी या कोई अन्य गोपनीय जानकारी साझा की। उन्होंने इसकी शिकायत बैंक में भी कर दी। साथ ही क्रेडिट कार्ड भी ब्लॉक करा दिया। पीड़ित ने बताया कि 21 नवंबर को उनका मोबाइल फोन सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा छीन लिया था। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी और नया नंबर ले लिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अपेरल पार्क के 16 भूखंडों का ड्रॉ आज होगा

**नोएडा।** सेक्टर-29 स्थित अपेरल पार्क के 16 भूखंडों के लिए बुधवार को ड्रॉ की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह भूखंड जमीन के विवाद के कारण अटके पड़े थे। इसे लेकर उद्यमी लंबे समय से प्राधिकरण से शिकायत कर रहे थे। प्राधिकरण ने अब भूमि के विवाद सुलझाकर अटके भूखंडों के आवंटन की तैयारी कर ली है। बुधवार को इन भूखंडों का ड्रॉ के जरिए आवंटन किया जाएगा। यमुना सिटी के सेक्टर-29 में अपेरल पार्क विकसित हो रहा है। यहां अब तक 147 भूखंडों का आवंटन हो चुका है। 109 भूखंडों की लीज प्लान प्राप्त हो चुका है और चेकलिस्ट भी जारी की जा चुकी है। 97 भूखंडों की रजिस्ट्री हो चुकी है। 71 भूखंडों पर आवंटियों को कब्जा भी प्राप्त हो चुका है। वहीं, 29 नक्शा पास करा चुके हैं। जबकि 13 का मौके पर निर्माण चल रहा है। हालांकि, यहां अभी तक एक भी कंपनी ने उत्पादन शुरू नहीं किया है।

# नए साल के जश्न का हॉट स्पॉट बना नोएडा

**■ मॉल और पिकनिक प्लेस सजकर तैयार; चार जनवरी तक मनेगा उत्सव**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नया साल आने में अब बस कुछ ही घंटे बचे हैं और नोएडा पूरी तरह जश्न के मूड में नजर आ रहा है। चमचमाती रोशनी, रंगीन सजावट, लाइव म्यूजिक और बच्चों की खिलखिलाहट के बीच शहर के माल और पिकनिक स्पाट उत्सव का परफेक्ट ठिकाना बन चुके हैं। परिवारों से लेकर युवाओं तक, हर कोई 2026 के स्वागत की तैयारियों में जुटा है।

नोएडा के द जंगल ट्रेल में लगे मार्केट कार्निवाल ने लोगों को खासा आकर्षित किया है। यहां स्ट्रीट फूड्स, शॉपिंग स्टॉल और मनोरंजन की भरमार है। द जंगल ट्रेल के मैनेजर अर्जुन त्यागी ने बताया कि कार्निवाल चार जनवरी तक चलेगा, ताकि रविवार की छुट्टी में ज्यादा से ज्यादा परिवार यहां आकर जश्न मना सकें।

जीआइपी और गार्डेंस गैलेरिया माल को नए साल के लिए अलग ही अंदाज में सजाया गया है। जीआइपी के एसोसिएट डायरेक्टर मार्केटिंग सैय्यद शमीम अनवर के अनुसार, माल में 24 फीट लंबा और 8 फीट ऊंचा '2026' सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है, जहां लोग जमकर तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। गार्डेंस गैलेरिया में 31 दिसंबर की रात स्पेशल ढोल शो और नाइट काउंटडाउन के साथ रेस्तरां में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे, वहीं फूड कार्नर पर आकर्षक ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं।

सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में भव्य इंस्टालेशन नए साल के जश्न को और खास बना रहा है। मॉल के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस बार डीएलएफ माल और गौड़ सिटी माल को नोएडा के प्रमुख आकर्षण के रूप में तैयार किया गया है। रोशनी से सजी संरचनाएं परिवारों और बच्चों के बीच खास पसंद बनी हुई हैं। सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो में फेस्टिव सजावट और लाइव सिंगिंग लोगों को थिरकने पर मजबूर कर रही है।

वहीं गुलशन वन 29 मॉल में बच्चों के लिए आर्ट-क्राफ्ट, ड्राइंग, पॉटरी, ओरिगामी वर्कशाप, मैजिक शो और फोटो बूथ जैसी गतिविधियां माहौल को और रंगीन बना रही हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी माल में 'फेस्टोपिया 2026 के तहत 10 जनवरी तक चल रहा विंटर कार्निवाल बुक फेयर, लाइव म्यूजिक, परफॉर्मेंस और न्यू ईयर सेल के जरिए लोगों को खूब लुभा रहा है। कुल मिलाकर, नोएडा इस बार नए साल के स्वागत में जश्न, रोशनी और मुस्कान से सराबोर नजर आ रहा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# गोचर भूमि पर अवैध कब्जाधरियों में हड़कंप, मकान पर चला बुल्डोजर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव बसी चुधियारी में गोचर की भूमि पर अवैध कब्जा धारकों के मकान पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया उक्त भूमि पर अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय से बेदखली तथा जुर्माना भी किए गए थे लेकिन अवैध कब्जे नहीं हटाए गए मंगलवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम व पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटवाया तथा अवैध कब्जा धारियो को 15 दिन के अंदर कब्जा छोड़ने के निर्देश दिए गए। प्रशासन की कार्रवाई से अवैध कब्जा धारियो में हडकम्प मचा है। गांव बसी चुधियारी में खसरा नंबर 668 रकबा करीब 52 बीघे गोचर की भूमि अभिलेखों में दर्ज है ग्रामीणो ने बताया कि उक्त भूमि पर सन 1994 में तत्कालीन ग्राम प्रधान छम्मो पत्नी इरशाद द्वारा 30 साल के लिए वृक्षारोपण के पट्टे हेतु आवंटन किया गया था जिसमें आवंटन 42 लोगों को हुआ था लेकिन 21 लोगों का आवंटन रद्द हो गया बाकी लोगों को आवंटन माना गया लेकिन बाद में इसके विरोध में ग्राम प्रधान फरहत पत्नी अब्दुल्ला ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की इसके बाद अवैध कब्जा धारियो के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय में धारा 67 के तहत बेदखली तथा जुर्माने की कार्रवाई की गई तथा 2018 में अवैध कब्जे भी हटवाया गए लेकिन बाद में फिर अवैध कब्जा किया गया अब एक बार फिर ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत की गई इसके बाद प्रशासन ने तहसीलदार ललिता चौधरी व राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कच्चे निर्माण को हटा दिया गया तथा पक्के निर्माण को हटाने के लिए 15 दिन का समय अवैध कब्जाधारियो को दिया है उसके बाद फिर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बता दे कि भूमि पर सरकारी योजना से भी पक्के मकान बने हुए हैं करीब 10 पक्के मकान प्रधानमंत्री आवास इंदिरा आवास तथा शौचालय भी बने हैं तथा ग्राम पंचायत द्वारा खरंजा कार्य तथा बिजली के खंभे आदि लाइन भी खींची हुई है। इस संबंध में तहसीलदार ललिता चौधरी ने बताया कि गोचर की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है तहसीलदार न्यायालय से बेदखली व जुर्माना भी हो चुका है पहले भी कई बार अवैध कब्जा हटवाया गया है लेकिन बार-बार अवैध कब्जा किया जा रहा है अवैध कच्ची निर्माण को हटवाया गया है तथा पक्के निर्माण को हटवाने के लिए 15 दिन का समय अवैध कब्जा धारकों को दिया गया है अन्यथा फिर कार्रवाई की जाएगी भूमि पर बने सरकारी योजना से आवास एवं शौचालय के संबंध में भी जांच की जाएगी।

# सफाई कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल एमएलसी से मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भाजपा एमएलसी मोहित बेनीवाल से मिला और उन्हें अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद शामली में आउटसोर्सिंग के तहत लगे सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगाए गए सफाई कर्मचारियों से एक से डेढ़ लाख रूपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। आरोप लगाया कि जब यूनियन द्वारा इस संबंध में ईओ एवं पालिका अध्यक्ष से जानकारी मांगी जाती है, तो वे स्पष्ट जवाब देने के बजाय बात को टालते रहते हैं और अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं। यूनियन ने ज्ञापन में कहा कि शामली शहर का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उसके अनुपात में सफाई कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है।

मांग की गई कि नियमों के अनुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगभग 100 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, जिससे जहां एक ओर सफाई व्यवस्था सु.ढ़ होगी, वहीं बेरोजगार युवाओं को रोजगार भी मिल सकेगा। इसके साथ ही यूनियन ने वर्ष 2006 में नगर निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को नियमित किए जाने, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई।

आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा अकुशल श्रेणी में दिखाए जाने पर आपत्ति जताते हुए उन्हें कुशल या अर्धकुशल श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग की गई। साथ ही वर्ष 2005 से पूर्व नगर निकायों में कार्यरत स्थाई सफाई कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने तथा वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महासचिव अश्वनी तेश्वर, देवेंद्र कुमार बिडला, देवेंद्र कुमार ढीगान, जितेंद्र टांक, दीपक चंद्रा, देवानंद ठेकेदार, प्रमोद कुमार कंडेरा, सचिन कुमार तेश्वर मौजूद रहे।

## एक नजर

### नव वर्ष पर पर हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस की होगी सख्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नव वर्ष के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रांगण में पुलिसकर्मियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नए साल पर हुड़दंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोग वाहन चलाते समय गाड़ी के बाहर निकलकर वीडियो व फोटोग्राफी करते हैं, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए विभागीय निर्देशों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कहा कि नए साल के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी, लापरवाही या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौष्ठी के दौरान थाना परिसर में में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार चलाया जा रहा है, ताकि नववर्ष के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

### आवारा कुत्ते के हमले से दस वर्षीय बालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को मोहल्ला खेल निवासी एक दस वर्षीय बालक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज का टीका लगाया और आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी दस वर्षीय शान अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल बालक के भाई आसिफ डंडा लेकर दौड़ा और कुत्ते को भगाया। इसके बाद परिजन घायल बालक को तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।नगर व क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ए जानवर लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से आवारा जानवरों पर जल्द नियंत्रण किए जाने की मांग की है।

### बहला-फुसलाकर ट्रैक्टर सस्ते दाम में लेने और गायब करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक युवक ने गांव के कुछ लोगों पर उसके पिता को बहला-फुसलाकर नशे का सेवन कराने और उनका ट्रैक्टर सस्ते दामों में खरीदकर कहीं गायब कर देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने ट्रैक्टर की बरामदगी कराए जाने की मांग की है।मंगलवार को गांव गढ़ी दौलत निवासी साहिल पुत्र राशिद ने बताया कि गांव के तीन लोगों ने उसके पिता को अपने प्रभाव में लेकर पहले नशे का सेवन कराया। इसके बाद आरोपियों ने उसके स्वराज ट्रैक्टर को बेहद कम कीमत में खरीद लिया और उसे कहीं छिपा दिया। आरोप है कि इस पूरे मामले में उसके पिता की हालत का गलत फायदा उठाया गया।पीड़ित का कहना है कि उसने इस संबंध में स्थानीय पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से परेशान होकर उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर ट्रैक्टर बरामद कराने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पति व ससुर की गिरफ्तारी ना होने पर बेटे ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में महिला के साथ हुई मारपीट के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता के पुत्र ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।मंगलवार को गांव डून्डूखेड़ा निवासी सरवन ने बताया कि बीती 27 नवंबर को घरेलू विवाद के चलते उसके दादा सीताराम और पिता सतीश ने उसकी माता ममता पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल महिला को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। पीड़िता का वहां उपचार लगातार जारी है।पीड़ित का आरोप है कि घटना को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है, जबकि दोनों आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं उसकी मां की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने जनपद के उच्च अधिकारियों सहित थाना पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# भूमि मुआवजे को लेकर एसडीएम से मिले किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कारागार के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के मुआवजे को लेकर हाईकोर्ट में अपील करने वाले किसान मंगलवार को एडीएम से मिले। किसानों ने अपना पक्ष रखते हुए सर्किल रेट में अनियमितता का आरोप लगाया और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

मंगलवार को एडीएम सत्एन्द्र सिंह को मिले किसानों ने बताया कि उन्हें उनकी भूमि का भुगतान पुराने सर्किल रेट 70 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से किया गया है, जबकि जब जिला कारागार के लिए भूमि अधिग्रहण का नोटिफिकेशन जारी हुआ था, उस समय सर्किल रेट 80 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित था। किसानों का आरोप है कि जिला प्रशासन ने मनमानी करते हुए पुराने सर्किल रेट के आधार पर ही भुगतान किया, जिसका वे समय-समय पर विरोध करते आ रहे हैं। किसानों ने यह भी बताया कि इसी कारण कुछ किसानों ने अपनी भूमि जिला कारागार के लिए देने से मना कर दिया था।

इसके बाद किसानों ने मजबूर होकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के नियमों के अनुसार भुगतान किया जाए। किसानों ने सर्किल रेट के अंतर और भुगतान में हुई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया। एडीएम ने किसानों की बात को ध्यानपूर्वक सुना और मामले में उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अमन सिंह, रामपाल, राजपाल, विद्याराम, नवीन, अरविन्द, विकास, प्रवीन, रोहित आदि मौजूद रहे।

# नाले की समस्या को डीएम से मिले लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के नगर के दयानंद नगर स्थित कौशाम्बी विहार मोहल्ले में गंदे नाले की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए नाले को खुलवाए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि अधूरा बना नाला पूरी तरह गंदगी से भर चुका है, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है और आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

शिकायत में बताया गया कि उक्त समस्या से पूर्व में भी जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। जिसमें डीएम द्वारा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को दो दिन के भीतर समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर मजबूरन मोहल्ले के लोगों ने लगभग 20-25 दिन पूर्व स्वयं ही नाले को बंद कर दिया था, ताकि गंदा पानी सड़क पर न फैले। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि अब कुछ लोग जबरन उक्त नाले को खुलवाने का दबाव बना रहे हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

लोगों ने आशंका जताई कि यदि नाला जबरन खोला गया तो स्थिति बिगड़ सकती है। प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि या तो उक्त नाले का पूर्ण नवनिर्माण कराकर गंदे पानी की उचित निकासी कराई जाए, अथवा जनहित को देखते हुए नाले को बंद ही रखा जाए। इस अवसर पर विकास कुमार, मयंक, रूबी, विक्की, ओमकार, सुभाष, रामशरण आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्मीपुरा के जंगल से सरकारी ट्रांसफार्मर चोरी ,अधिकारियों ने दी पुलिस को तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा में नीजि नलकूप पर लगे 63 किलोवाट के ट्रांसफार्मर को बदमाशो ने चोरी कर लिया। सुबह होने पर किसानों को चोरी की जानकारी मिली। बताया गया है कि चोरी हुए ट्रांसफार्मर से 6-7 किसानों को आपूर्ति मिलती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में धर्मपाल पुत्र फूल सिंह के खेत मे 63 किलोवाट का ट्रांसफार्मर परिर्वतक लगा है ।जिससे आधा दर्जन किसानो को फसलो की सिंचाई के लिए आपूर्ति मिलती है। जहॉ बीते तीन दिन पूर्व बदमाशो ने ऑयल को चोरी कर लिया था। जिस पर विद्युत विभाग की टीम ने किसानो की शिकायत पर समस्या को दुरूस्त कर लिया था। बीती रात्रि बदमाशों ने ट्रांसफार्मर को ही चोरी कर लिया। किसान मंगलवार की सुबह को खेतो मे पहुॅचें तो मामले की जानकारी हुई। इसके बाद किसानों ने विद्युत विभाग के जेई अकबर आजम को इसकी शिकायत की। जेई ने निरीक्षण के बाद पुलिस को मामले की शिकायत कर मुकदमा लिखाने की मांग की है।

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को सघन चेकिंग अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सघन एवं प्रभावी प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बाईक चालकों ने हाथों में पंपलेट लेकर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात निरीक्षण लालविराट भारद्वाज ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन विकसित करना, सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित व जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सके। यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, शिक्षण संस्थानों के आसपास, पेट्रोल पंपों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट ईंधन न दिए जाने संबंधी शासन के निर्देशों की जानकारी दी गई और इसके शत-प्रतिशत अनुपालन की अपील की गई। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित चेकिंग अभियान चलाकर वैधानिक कार्रवाई की गई।

## पीएनबी के बाहर से युवक की साइकिल चोरी, थाने में दी तहरीर



**कांधला।** देहात क्षेत्र के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी शाद ने बताया कि वह मंगलवार को अपने बैंक खाते में आधार लिंक कराने के लिए कस्बे स्थित पंजाब नेशनल बैंक आया था। उसने अपनी साइकिल बैंक के बाहर खड़ी कर दी थी। आधार लिंक की प्रक्रिया पूरी कर जब वह बाहर आया तो उसकी साइकिल मौके से गायब मिली।पीड़ित का आरोप है कि किसी चोर ने मौका पाकर उसकी साइकिल चोरी कर ली। काफी तलाश के बाद भी साइकिल का कोई सुराग नहीं लग सका।

# एकादशी पर श्याम भक्तों की पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एकादशी के पावन अवसर पर कस्बा झिंझाना में श्याम भक्तों की गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक हाथ से रथ खींचते हुए शामली स्थित नवनिर्मित बाबा खाटू श्याम मंदिर तक पदयात्रा की और वहां विधि-विधान से निशान चढ़ाया।

मंगलवार दोपहर बाद श्याम भक्त भजन-कीर्तन करते, नाचते-गाते झिंझाना से शामली के लिए पैदल चले। पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण रहा और श्जय श्यामश के जयकारों से आसमान गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस यात्रा में आशु शर्मा, बॉबी शर्मा, अमित शर्मा, सुशील बिंदल, राहुल कश्यप, उत्तम सैनी, राहुल गोयल, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे। विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। भक्त बॉबी शर्मा ने कहा कि एकादशी के दिन बाबा खाटू श्याम के दर्शन व निशान चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस शांतिपूर्ण यात्रा से क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द व भाईचारे का संदेश भी मिला।

# कोहरे में डिवाइडर से टकराकर युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिडौली।** सोमवार की रात घने कोहरे के चलते मेरठ.करनाल हाईवे पर अहमदगढ़ ओवरब्रिज के पास एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और चालक सड़क पर गिर पड़ा। घायल की पहचान इंतजार पुत्र सगीर (उम्र लगभग 25 वर्ष) निवासी ग्राम फतेहपुर थाना झिंझाना के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसे के समय युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिस कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा झिंझाना स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए परिजनों को भी सूचित कर दी है।

# सरधना–बड़ौत मार्ग पर पुलिस मुठभेड़ में गौकश घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बड़ौत मार्ग पर हिंडन नदी पुल के पास सोमवार देर रात सरधना पुलिस की विशेष कार्रवाई में गौकशी के आरोपियों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

सरूरपुर थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि वह खिवाई चौकी प्रभारी के साथ वाहन चे. कंग कर रहे थे। इसी दौरान खिवाई की ओर से आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। आरोपियों को घेराबंदी करने पर उन्होंने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में घायल आरोपी की पहचान एहसान पुत्र जुल्फकार निवासी खिवाई के रूप में हुई। घायल ने अपने फरार साथी का नाम नन्हे उर्फ नियाज पुत्र वाशी बताया। पुलिस ने मौके से दो 315 बोर के तमंचे, जिंदा कारतूस, गौकशी में प्रयुक्त चाकू, छुरे, रस्सी और बोरा बरामद किया। मंगलवार सुबह पुलिस ने दबिश देकर फरार आरोपी नन्हे को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई दो दिन पूर्व हिंडन नदी किनारे गोवंश के अवशेष मिलने के बाद की गई थी, जिससे क्षेत्र में तनाव बना हुआ था।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाला नाजिम गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना पुलिस ने सोमवार रात मुखबिर की सूचना पर नाजिम पुत्र जब्बार निवासी अहमद नगर लिसाड़ी गेट मेरठ को गिरफ्तार किया। आरोपी नाजिम ने पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। गोली लगने से नाजिम के दा. हने पैर में चोट आई और वह घायल होकर गिरफ्तार हुआ। पुलिस के अनुसार, नाजिम ने अपने फुफो के लड़के सुभान और सुरहान तथा उनके दोस्तों अहमद और जुनैद के साथ मिलकर 25 दिसंबर को अजीम पुत्र मोबीन पर जानलेवा फायरिंग की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस ने नाजिम को स्कूटी पर सवार होते हुए पकड़ लिया। अभियुक्त से अवैध तमंचा बरामद करने के लिए पुलिस टीम आरोपी के बताए स्थान पर पहुंची, लेकिन नाजिम ने खेत में



छिपा रखे तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को घायल कर गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा .32 बोर और 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कूटी बिना नंबर प्लेट भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। नाजिम कई गंभीर मामलों में संलिप्त रहा है, जिनमें हत्या की नीयत से फायरिंग, आर्म्स एक्ट, मारपीट और धमकियां शामिल हैं। इस मुठभेड़ के आधार पर पुलिस ने नाजिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जैन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना सरधना में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बाग वाला क्षेत्र स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जैन समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने थाना सरधना में प्रार्थना–पत्र सौंपा। यह प्रार्थना पत्र बीजेपी मंडल अध्यक्ष आलोक जैन के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें मंदिर परिसर में हो रही अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई गई। झिटकरी रोड स्थित मंदिर परिसर की दीवार से सटाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बोरे एवं अन्य सामग्री रखी जा रही है।



इसके साथ ही मंदिर की दीवार व मुख्य गेट के सामने लगातार वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैन समाज के लोगों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से मंदिर की पवित्रता पर असर पड़ रहा है तथा किसी भी समय अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी हुई है। इसे देखते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष सरधना को सौंपे गए प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने जैन समाज को आश्वस्त किया कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी तथा परिसर के आसपास हो रहे अतिक्रमण और अवैध गति. विधियों को शीघ्र हटवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय जैन, कार्यकारी अध्यक्ष ऋषभ जैन, महामंत्री अंकित जैन व सौरभ जैन, कोषाध्यक्ष नीरज जैन, उपाध्यक्ष आकाश जैन व गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### वेंक्टेश्वरा में लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# लैंगिक उत्पीड़न पर अंकुश लगाकर विकसित भारत का सपना होगा साकारः डा. राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए विजन इण्डिया भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से सर्टिफाईड सम्बद्ध की लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम की सर्टिफाईड ट्रेनर सुश्री प्रियंका गर्ग एवं सुश्री साईमा अनवर ने उपस्थित स्टॉफ एवं प्रबंधन के सदस्यों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकने के तरीको पर विस्तार से समझाया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के अटल सभागार में आयोजित लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, दिल्ली से आयी मुख्य अतिथि वक्ता सुश्री प्रियंका गर्ग, सुश्री साईमा अनवर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश मेहता आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में यौन लैंगिक उत्पीड़न नियन्त्रक एक्सपर्ट सुश्री प्रियंका गर्ग ने कहा कि भारत सरकार ने कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक सख्त कानून प्रीवेंशन ऑफ सेक्सुअल ह्रासमेंट एक्ट बनाया है। जिसके द्वारा महिलाओं को कार्यस्थल



पर सम्मान जनक एवं सुरक्षित वातावरण न होने एवं लैंगिक उत्पीड़न पर कठोर दंड का प्रावधान है, पर यह तभी प्रभावी होगा जब किसी भी उत्पीड़न होने पर महिलाऐं निडर होकर उसकी शिकायत करें। लेकिन यह भी ध्यान रखे कि किसी द्वेष या अन्य कारणो से किसी निर्दोष पर कार्यवाही के लिए झूठी शिकायत न करें अन्यथा उसके खिलाफ भी कानून का दुरूपयोग करने के लिए कार्यवाही हो सकती है। इस अवसर पर डॉ. राजेश बंसल, डॉ. नजमल हुदा, डॉ. रिहाना हुदा, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. सुप्रीति भटनागर, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, प्रशान्त, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. ज्योति, डॉ. स्नेहलता, एस.एस. बघेल, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बदहाली में डूबी सरधना नगर पालिका

## एंट्री गेट पर टूटी कुर्सियां व टेबलें खोल रही हैं पालिका की पोल, ऑफिसों में आवारा कुत्तों का कब्जा

**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** नगर की सफाई, विकास और जनसमस्याओं के समाधान का दम भरने वाली नगर पालिका परिषद सरधना खुद ही बदहाली, अव्यवस्था और घोर लाप. रवाही की मिसाल बनती जा रही है। हालात इतने खराब हैं कि नगर पालि. का कार्यालय अब सरकारी दफ्तर कम और अव्यवस्था का अड्डा अधिक नजर आने लगे हैं। कार्यालय परिसरों में खुलेआम घूमते आवारा कुत्ते और मुख्य एंट्री गेट पर पड़ी टूटी कुर्सियां व टेबलें पालिका प्रशासन की कथित कार्यप्रणाली पर करारा तमाचा साबित हो रही हैं।

नगर पालिका कार्यालयों में अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वाले नागरिकों को सबसे पहले अव्यवस्था और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कई कार्यालय कक्षों, बरामदों और गलियारों में आवारा कुत्तों का डेरा जमा हुआ है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता है। सवाल यह



सरधना नगर पालिका में फाइलों की तलाश करता आवारा कुत्ता व एंट्री गेट पर पड़ी टूटी कुर्सियां व मेज।

उठता है कि जब नगर पालिका अपने कार्यालयों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित नहीं रख पा रही है, तो शहर के सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और मोहल्लों में आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण कैसे किया जाएगा। मुख्य एंट्री गेट पर पड़ी टूटी फूटी कुर्सियां और टेबलें, बिखरा हुआ फर्नीचर और गंदगी साफ तौर पर यह दर्शाती है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी कार्यवाही और बैठकों तक सीमित रह गए हैं। धरातल पर न तो किसी प्रकार की निगरानी दिखाई दे रही है और न ही जवाबदेही तय की जा रही है। नगर पालिका की यह हालत शहर की व्यवस्थाओं की सच्चाई उजागर कर रही है। स्थानीय नागरिकों और सामा. जिक संगठनों का आरोप है कि पालि. का अधिकारियों की उदासीनता चरम पर पहुंच चुकी है। बार–बार शिकायतें किए जाने के बावजूद न तो आवारा कुत्तों को हटाने की ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही कार्यालयों की मरम्मत व फर्नीचर व्यवस्था सुधारी जा रही है। लोगों का कहना है कि अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं और जनता की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बदहाली पर न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय हो रही है और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई सामने आ रही है। नगर पालिका परिषद सरधना की यह स्थिति देखकर शहरवासियों में भारी रोष है। नागरिकों का साफ कहना है कि यदि नगर पालिका अपने ही दफ्तरों को संभालने में असफल रही, तो शहर की सफाई, सुरक्षा और विकास केवल कागजी दावों तक ही सीमित रह जाएंगे। इस संबंध में ईओं सरधना से वार्ता करने का कई बार प्रयास किया गया लेकिन उनका नंबर मिल नही सका।

# सरधना पुलिस ने होटल–रेस्टोरेंट मालिकों को सुरक्षा निर्देशों के पालन का नोटिस किया जारी


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना प्रशासन ने क्षेत्र में स्थित सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, लॉज और अन्य मनो. रंजन स्थलों के मालिकों- प्रबंधकों को आगामी 31 दिसंबर 2025 की रात को विशेष सुरक्षा और नियमों का पालन करने के लिए नोटिस जारी किया है। थाना प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिष्ठान में बिना लाइसेंस शराब परोसने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, तेज आवाज में डीजे बजाना निषेध रहेगा। प्रत्येक प्रतिष्ठान में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा और वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े किए जाएंगे। थाना सरधना के इंस्पेक्टर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डीआईजी का दिख रहा है असर

रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बीते दिनों मंडल के समस्त थाना प्रभारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया था कि नये साल के जश्न पर कोई हुड़दंग, कोई भी स्टंट, दारूबाजी या कपल की अमर्यादित हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका असर दिख रहा है।

# जानी थानाध्यक्ष ने होटल रेस्टोरेंट मालिकों को दिए दिशा–निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** नव वर्ष को लेकर दो दिन पहले ही डीआईजी कला निधि नैथानी ने सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्र में सुरक्षा के मध्य नजर रखते हुए 31 दिसंबर की रात को न्यू ईयर पार्टी जैसी गतिविधि पर नजर रखें इसी के चलते मंगलवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने होटल रेस्टोरेंट मालिक को सुरक्षा निर्देशक को पालन करने के लिए आदेश दिया। होटल रेस्टोरेंट ढाबा अन्य जैसी प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस के शराब बांटने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी इस तरह का गतिविधि पाई गई तो तुरंत कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा, और सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि न्यू ईयर पार्टी शराब पार्टी पर नजर रखी जाए।

# नौचंदी ग्राउंड पर हाउस टैक्स बिल भुगतान काउंटर खोलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नौचंदी ग्राउंड स्थित ओवरहेड टैंक ग्राउंड में हाउस टैक्स बिल भुगतान के लिए काउंटर खोले जाने की मांग को लेकर सर्वदलीय पार्षद दल ने नगर आयुक्त को एक पत्र प्रेषित किया है। उसमें कहा गया है कि उक्त स्थल पर हाउस टैक्स बिल जमा करने का काउंटर खोला जाता है तो वार्ड संख्या 71, 72, 73, 75, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87 व 56 सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को राहत मिलेगी और टैक्स कलेक्शन में भी तेजी आएगी। पार्षदों ने अवगत कराया कि नौचंदी ग्राउंड स्थित ओवरहेड टैंक ग्राउंड में पहले से ही जलकर वाटर बिल जमा करने का काउंटर संचालित है। ऐसे में उसी स्थान पर हाउस टैक्स बिल का कैश काउंटर भी खोला जा सकता है। इस दौरान गफ्फार, फजल करीम, अभिनव अरोड़ा, संजय सैनी, सुमित शर्मा, रिजवान अंसारी, रेशमा दिलशाद सैफी, गुड्डी अफजाल चौधरी एवं रिहाना शहजाद सहित पार्षदों उपस्थित रहे।

# सीवीपीएस में फेयरवेल पार्टी भावनात्मक विदाई में सजे यादगार पल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्कुलर रोड, मेरठ कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य फेयरवेल पार्टी 'स्वस्ति' का आयोजन हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को स्नेह, सम्मान और उल्लास के साथ भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नाटय मंचन और रोचक खेल गतिविधियों से हुई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक रैंप वॉक ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद पासिंग ऑफ द लाइट सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें हेड ब्वॉय शुभम चुवई व हेड गर्ल अन्वेषा आत्रेय ने वाइस हेड ब्वॉय आर्यन सुनील शिंदे एवं वाइस हेड गर्ल अनुष्का सिंह को दायित्व सौंपा। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को विशेष खिताबों से सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरधना नगर पालिका पर लोकायुक्त की सघन जांच

### भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच में टीम नगर में सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भ्रष्टाचार और कई गंभीर मामलों में घिरी सरधना नगर पालिका परिषद के खिलाफ लोकायुक्त की टीम मंगलवार को सघन जांच करने के लिए शहर में पहुंची। टीम ने नगर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर मामले की गहनता से पड़ताल की और स्थानीय अधिकारियों एवं नागरिकों से जानकारी जुटाई।

### शिकायतों में सड़क निर्माण घोटाला और अनियमितताएं शामिल

नगर पालिका पर दर्ज शिकायतों में सबसे अधिक सड़क निर्माण में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप थे। इसके अलावा, नगर क्षेत्र में विकास कार्यों में अनियमितता, आपूर्ति की कमी और योजनाओं के कागजीकरण में गड़बड़ी के मामले भी सामने आए थे। शिकायतों के आधार पर अधिकारियों ने लोकायुक्त टीम का गठन किया, जो इस जांच के लिए विशेष रूप से नियुक्त की गई थी।

### टीम ने नगर भ्रमण कर निरीक्षण किया

एसडीएम सदर दीक्षा जोशी और ईओ मवाना राजीव कुमार के नेतृत्व में लोकायुक्त टीम ने नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर स्थानीय अधिकारियों से बातचीत की और शहर के विकास कार्यों, निर्माण



स्थलों और नगरपालिका कार्यालयों का निरीक्षण किया। टीम ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जहां शिकायतें सबसे अधिक थीं।

### स्थानीय लोगों ने जताई अपनी–अपनी प्रतिक्रिया

नगरवासियों ने टीम की जांच को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने कहा कि यह कार्रवाई पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं कुछ लोगों ने यह उम्मीद जताई कि जांच निष्पक्ष और समयबद्ध होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं भ्रष्टाचार करने वाले लोगों में इस मामले से हड़कंप मचा हुआ है।

### जल निगम की लापरवाही हुई उजागर

# फलावदा क्षेत्र में महीनों से पेयजल को तरस रहे हैं ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव मन्दवाड़ी में जल निगम की लाप. रवाही के कारण पिछले कई महीनो से पेयजल की पाइप लाइन लगाने का कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पिछले वर्ष टंकी द्वारा पेयजल सुचारु रूप से चालू करने का दम्भ भर रहा है। जबकि गांव के मुख्य मार्ग पर पेयजल के पाइप खुले हुए पड़े हैं ज्यादातर ग्रामीणों के घर पर टंकी का जल नहीं पहुंच पा रहा है। उधर गांव में आरसीसी सड़क बनाने का निर्माण कार्य चल रहा है जिस कारण सड़क निर्माण का कार्य भी रुका पड़ा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को जल निगम के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी जल निगम के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं गांव में करीब दो वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन हर घर शुद्ध पेयजल योजना के अंतर्गत टंकी निर्माण के लिए के लिए दो करोड़ 36 लाख 94 हजार रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया था। गांव के राजेंद्र उर्फ लीडर, गौरव शर्मा, मोनू पंवार, सुशील शर्मा, दिनेश कुमार, सोनल कुमार, हरीश सिंह, धर्मसिंह, मंगल शर्मा, जोगिंदर सिंह, हेमराज सिंह, वेदपाल सिंह, राजसिंह आदि ने बताया कि उनके गांव की आबादी करीब पांच हजार है जिसमें साढ़े चार सौ परिवार रहते हैं अभी तक जल निगम विभाग द्वारा गांव में मात्र 190 लोगों के घर तक ही टंकी के पाइप लाइन पहुंच पाई हैं उनमें से भी ज्यादातर मुख्य मार्ग पर खुले हुए पड़े हैं। जिस ग्रामीण के घर टंकी नहीं लग पाई वहां ठेकेदार से टंकी लगवाने के लिए कहता है तो ठेकेदार एक हजार रुपए का शुल्क मांग रहा है। जबकि सरकार द्वारा हर घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति पहुंचाने के आदेश हुए थे और पेयजल की बड़ी पाइप लाइन मुख्य मार्ग में अधिक नीचे गहराई करने के बजाय कम गहराई करके ऊपर ही



लगाई गई है जबकि पाइप लाइन को करीब डेढ़ मीटर की खुदाई करके नीचे गहराई में दबानी चाहिए थी। इस संबंध में ग्राम प्रधान पति फतेह शर्मा का कहना है कि इस मामले के निस्तारण को उन्होंने जल निगम अधिकारियों को कई बार फोन करके अवगत कराया लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं आता। इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि मुख्य पाइप लाइन मार्ग के एक मीटर नीचे दबी हुई है लोगों के घर जाने वाली टंकी की पाइप लाइन मुख्य मार्ग के ऊपर रहती है। और गांव में ज्यादातर ग्रामीणों के घर पेयजल के कनेक्शन पहुंच गए हैं कुछ लोग अपने घर के अलावा घेर में भी टंकी लगवाने के लिए दबाव बना रहे हैं एक ग्रामीण को उसके घर पर ही कनेक्शन मिलेगा उसके घर में नहीं मिलेगा।

# एएआई टेबल टेनिस में हरमीत व सयाली ने जीता खिताब



● **हरमीन देसाई ने पुरुष एकल में स्नेहित व मिश्रित युगल में संपदा भिवंडीकर को हराया, जबकि सयाली वाणी ने अपनी साथी सिड्रेला दा को मात देकर खिताब अपने नाम किया**

**इंदौर, वार्ता।** पेट्रोलियम खेल प्रोत्साहन बोर्ड के हरमीत देसाई ने मंगलवार को एएआई 52वीं इंस्टीट्यूशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रोमांचक सात-गेम के फाइनल में भारतीय लेखापरीक्षा एवं खाता विभाग के एसएफआर स्नेहित को हराकर पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। हरमीत ने यहां अभय प्रशाल में खेले गए टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में 2-0 की बढ़त बनाई। वह छठे गेम में 10-6 पर जीत के कगार पर थे, लेकिन स्नेहित ने शानदार वापसी करते हुए गेम 16-14 से जीत लिया। हरमीत ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मैच पर फिर से काबू किया और निर्णायक गेम में बाजी मार 11-9, 11-9, 2-11, 8-11, 11-5, 14-16, 11-5 के स्कोर के साथ मुकाबला जीत लिया। बाद में हरमीत ने यशस्विनी घोरपड़े के साथ मिलकर रेलवे की जोड़ी प्रीएश राज और संपदा भिवंडीकर को हराकर मिश्रित युगल का खिताब भी 3-0 से जीता। इस बीच, महिला एकल फाइनल में सयाली वाणी ने चैंपियनशिप का शानदार अंत करते हुए पेट्रोलियम खेल प्रोत्साहन बोर्ड की अपनी साथी सिड्रेला दास को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# रैंकिंग में चार पायदान पर चढ़ी शेफाली



● **शेफाली वर्मा महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आई गई हैं, जबकि उपकप्तान व सलामी बैटर स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार है**

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आ गई हैं, जबकि उप-कप्तान और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शेफाली 736 अंकों के साथ छठे पायदान पर हैं, जबकि मंधाना 767 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। एक पायदान नीचे गिरने के बावजूद जेमिमा रॉड्रिग्ज (10वां पायदान) शीर्ष 10 में तीसरी भारतीय बल्लेबाज के तौर पर बरकरार हैं। शेफाली अब तक सीरीज के चार मैचों में तीन अर्द्धशतकों के साथ 227 रन बटोर चुकी हैं और तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से सिर्फ 60 अंक पीछे हैं भारतीय विकेटकीपर ऋचा घोष ने भी चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में नाबाद 40 रन बनाकर रैंकिंग में 20वें पायदान पर जगह बना ली है। इस बीच, टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में रेणुका सिंह और श्री चरणी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। रेणुका ने श्रीलंका सीरीज के तीसरे मैच में टीम में वापसी करते हुए चार विकेट लिए और इसके नतीजे में टी-20 गें. दबाजों की नवीनतम रैंकिंग आठ पायदान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती चार मैचों में चार विकेट लिए और रैंकिंग में 17 पायदान चढ़कर कुल 52वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दीप्ति इस लिस्ट में 738 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

## क्रिकेट में आपको जीरो से शुरू करना होता है: मंधाना

● **मंधाना ने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया**



**त्रिवेंद्रम, वार्ता।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में हर पारी शुरू से शुरू होती है और पिछला प्रदर्शन भविष्य में सफलता की गारंटी नहीं देता, उन्होंने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में, आपको जीरो से शुरू करना होता है।

स्कोरबोर्ड हमेशा जीरो पर जीरो होता है। यह कभी भी वह नहीं होता जो आपने पिछले मैच या पिछली सीरीज में किया हो। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फॉर्मेट में उम्मीदें अलग-अलग होती हैं, टी-20 क्रिकेट में वनडे और टेस्ट की तुलना में अलग मानसिक नजरिए की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि टी-20 थोड़ा इस तरह का है जहां आप आउट होने के बाद खुद पर बहुत ज्यादा सख्त नहीं हो सकते क्योंकि आप ऐसी रफ्तार से खेल रहे होते हैं जहां कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह कामयाब होगा और कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह नहीं होगा। मैं वनडे क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को लेकर खुद पर बहुत सख्त हूं क्योंकि आपके पास बहुत समय होता है। अगर आप वहां आउट होते हैं, तो यह मेरे लिए पाप जैसा लगता है। मंधाना ने कहा कि जहां कुछ खास दिनों में अपनी काबिलियत से मैच जिताए जा सकते हैं, वहीं खिलाड़ियों को बिना ज्यादा सोचे-समझे नाक. ामियों को भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप देश के लिए मैच जीतते हैं, लेकिन कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब आप रन नहीं बना पाते।

आपको दोनों को ही अपने हिसाब से लेना होगा क्योंकि आप ज्यादा सोच नहीं सकते। यह बस जल्दी बदलाव है। भारत की हालिया वनडे वर्ल्ड कप जीत पर बात करते हुए, मंधाना ने पिछली कामयाबी पर ज्यादा ध्यान न देने की चेतावनी दी, और टीम को अभी भी आगे बढ़ रही टीम बताया। उन्होंने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप महिला क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी बात थी, और हमने उसे पूरा किया, इसलिए यह एक बड़ी जीत है। लेकिन आप सिर्फ कामयाबी के बारे में नहीं सोच सकते। सीनियर बैट्समैन ने माना कि टीम ने साल के दौरान मौके गंवाए और कहा कि लगातार सुधार पर ही फोकस रहा। मंधाना ने कहा कि हमारे साथ कई बार ऐसा हुआ है जब हम मैच जीत सकते थे, लेकिन हम नहीं जीत पाए। यह टीम इतनी यंग है, हम हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं कि उन्होंने आगे कहा कि वह इस साल टीम के ओवरऑल परफॉर्मेंस को दस में से सातष रेटिंग देंगी। खासकर वनडे वर्ल्ड कप के दौरान और उसके बाद फैंस को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देते हुए, मंधाना ने कहा कि टीम का मकसद आगे भी बेहतर होते रहना है। उन्होंने कहा कि यह महिला क्रिकेट के लिए एक शानदार साल रहा है। मुझे उम्मीद है कि हम फैंस को गर्व महसूस कराते रहेंगे और वे हमें सपोर्ट करने आते रहेंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## नीरज ने रिसेप्शन में डांस फ्लोर पर जश्न में जान डाली

**चंडीगढ़, वार्ता।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने हरियाणा के पानीपत जिले में सोमवार रात हुई रिसेप्शन पार्टी में डांस फ्लोर पर उतरकर अपनी शादी के जश्न में जान डाल दी। यह कार्यक्रम उनकी पत्नी हिमानी मोर के परिवार ने आयोजित किया था और यह समालखा के द रॉयल वेनेशियन रिजॉर्ट में हुआ। यह शादी के बाद इस जोड़े का तीसरा रिसेप्शन था। नीरज को पॉपुलर हरियाणवी गानों पर डांस करते देखा गया, जिस पर मेहमानों ने तालियां बजाईं, जबकि हिमानी मुस्कुराते हुए उन्हें देख रही थीं। शाम के वीडियो में भाला फेंक स्टार को मासूम शर्मा के मशहूर गाने 'भांग रगड़ के पिया करूं पर डांस करते हुए देखा गया।

## जिस फॉर्मेट ने पहचान दी, उसका सम्मान करो : चैपल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा एशेज टेस्ट सिर्फ दो दिन में खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेग चैपल ने कहा है कि दोनों टीमों को खेल के उस फॉर्मेट की इज्जत करनी चाहिए जिसने उन्हें पहचान दी है। गौरतलब है कि यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया मुकाबला दूसरे दिन के तीसरे सत्र में खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 178 रन का लक्ष्य रखा, जिसे स्टोक्स की टीम ने छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। चैपल ने क्रिकइन्फो के लिए लिखे गए एक लेख में कहा कि इतिहास के पन्नों में दर्ज 'मॉन्युमेंट्स मेन' वे लोग हैं जो अतुल्य खजानों की रक्षा करते हैं। ए ऐसे महिला और पुरुष कलाकारों, इतिहासकारों, शिल्पकारों और संग्रहालय निद. ेशकों का का समूह था जिन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर जंग में झोंके गए कला और शिल्प के शाहकारों की हिफाजत की।

## पेशेवर, जवाबदेह और दूरदर्शी खेल प्रशासकों की आवश्यकता पर बल

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल विभाग ने भारत को वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में स्थान दिलाने, वैश्विक खेल उत्कृष्टता के लक्ष्य को पूरा करने, खेल प्रशासनिक क्षमताओं को मजबूत करने और खेल प्रशासकों की क्षमता निर्माण हेतु ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में एक कार्य बल का गठन किया था। इस कार्य बल ने हाल ही में खेल विभाग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस व्यापक रिपोर्ट ने ओलंपिक खेलों की मेजबानी सहित एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, पेशेवर, जवाबदेह और दूरदर्शी खेल प्रशासकों की आवश्यकता पर बल दिया है। कार्य बल ने खेल प्रशासन प्रशिक्षण को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त वैधानिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय खेल शिक्षा और क्षमता निर्माण परिषद की स्थापना की सिफारिश की है।

# फीफा को 2026 वर्ल्ड कप के लिए रिकॉर्ड 15 करोड़ टिकट रिक्वेस्ट मिले



● **फीफा प्रेसिडेंट ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा व सबसे ज्यादा ज्यादा शामिल करने वाला शो**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने सोमवार को कहा कि उसे 2026 वर्ल्ड कप के लिए 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट मिले हैं, जिससे वर्ल्ड कप टिकटिंग का एक नया रिकॉर्ड बन गया है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का फेज अभी आधा ही हुआ है। 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों के फैंस ने 11 दिसम्बर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिग फेज शुरू होने के बाद फीफा-कॉम /टिकट प्लेटफॉर्म पर रिक्वेस्ट की बाढ़ ला दी। यह फेज 13 जनवरी, 2026 को खत्म होगा। फीफा ने कहा कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट एप्लीकेशन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड इंडिविजुअल क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन हुआ है, और यह डिमांड 1930 से अब तक इस कॉम्पिटिशन के सभी 22 एडिशन के कुल 964 मैचों में आए दर्शकों की कुल संख्या से 3-4 गुना ज्यादा है। फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा शामिल करने वाला शो होने वाला है। भावुक फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का सच्चा सबूत है कि हमारे खेल को दुनिया भर में कितना पसंद किया जाता है।

## इंडिया ओपन भव्य आयोजन के लिए तैयार, टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 13 से 18 जनवरी, 2026 तक वापस आ रहा है, यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के मशहूर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा, जो इसके पैमाने और फैन अनुभव में एक बड़ा कदम है। पिछले वेन्यू की तुलना में दोगुनी से ज्यादा, 8,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता के साथ, यह अपग्रेड भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैडमिटंन टूर्नामेंट की बढ़ती प्रतिष्ठा को दिखाता है।

योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के टिकट टूर्नामेंट के टिकटिग पार्टनर, टिकमिट के जरिए विशेष रूप से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपये से शुरू होगी, और प्रीमियम सीटों की कीमत 1,750 रुपये तक होगी, जिससे सभी कैटेगरी के लोगों के लिए टिकट उपलब्ध होंगे। फैंस को एक चरणबद्ध छूट संरचना का भी फायदा मिलेगा जो जल्दी बुकिंग करने वालों को पुरस्कृत करने के लिए डिजाइन की गई है, जो लोग जल्दी बुकिग करेंगे उन्हें 50 प्रतिशत तक की बड़ी छूट मिल सकती है।

## एमआई ने क्रिस्टन बीम्स को नियुक्त किया स्पिन बॉलिंग कोच

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेगस्पिनर क्रिस्टन बीम्स को अपना स्पिन-बॉलिग कोच नियुक्त किया है। बीम्स 2014 से 2017 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुकी हैं। वह मुंबई के सपोर्ट स्टाफ में मुख्य कोच लिसा कीथली, गेंदबाजी कोच और मेंटर झूलन गोस्वामी, बल्लेबाजी कोच देविका पालशिकर और फील्डिंग कोच निकोल बोल्टन के साथ जुड़ेंगी। यह कीथली का भी मुंबई के साथ पहला सीजन होगा। वह पिछले तीन सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के साथ काम कर चुकी हैं। बीम्स ने मुंबई इंडियन्स की इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी के साथ काम करना एक शानदार मौका है। (टीम की) संस्कृति शानदार है। उन्होंने इतने लंबे समय में एक जीतने की एक विचारधारा बनाई है। सबसे सुनने को मिलता है कि यह टीम एक-दूसरे के बहुत करीब है और एक परिवार की तरह है। आप इसका हिस्सा बनना चाहते हैं। मुझे लगता है कि एक कोच के तौर पर आप बिल्कुल यही करना चाहते हैं। आप एक ऐसे माहौल में जाना चाहते हैं जहां सब एक-दूसरे के करीब हों और एक ऐसी टीम बनाते हों जो जीतना जानती है। बीम्स ने एक टेस्ट, 30 वनडे और 18 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।

# अर्जुन से हार के बाद कार्लसन ने आपा खोया

● **भारतीय ग्रैंडमास्ट अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद फिर गलत वजह से सुर्खिया में आए मैग्लन कार्लसन**



**दोहा, वार्ता।** नॉर्वेजियन शतरंज सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन सोमवार को फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद अपना आपा खोने के कारण एक बार फिर गलत वजहों से सुर्खियों में आ गए। मौजूदा वर्ल्ड रैपिड और वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन कार्लसन को नौवें राउंड में एरिगैसी ने हराया, जिसमें भारतीय जीएम ने काले मोहरों से खेलते हुए शानदार कैलकुलेशन और मजबूत एंडगेम तकनीक का प्रदर्शन किया। हार के कुछ ही देर बाद, कार्लसन को निराशा में मेज पीटते हुए देखा गया, इस घटना को वीडियो में कैद कर लिया गया और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसे फैंस ने कार्लसन आउटबर्स्ट 2-0 नाम दिया। यह घटना कार्लसन के जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में डी गुकेश से हारने के बाद अपना आपा खोने के कुछ ही महीनों बाद हुई है। अपनी दिग्गज स्थिति और सफलता के बावजूद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी की हार को शालीनता से स्वीकार न करने के लिए अक्सर आलोचना की जाती रही है। एरिगैसी की कार्लसन पर जीत महत्वपूर्ण साबित हुई, क्योंकि 22 वर्षीय भारतीय 11 राउंड के बाद नौ अंकों के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ स्टैंडिग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारतीय खिलाड़ी ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद 10वें राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर थोड़े समय के लिए आधे अंक की बढ़त बना ली, जिसके बाद 11वें राउंड में अमेरिकी जीएम फैबियानो कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। पहले दिन दो राउंड बाकी रहते हुए, कार्लसन रिकॉर्ड नौवें वर्ल्ड ब्लिट्ज खिताब के लिए दौड़ में बने हुए हैं, उन्होंने रविवार को पहले ही अपना छठा वर्ल्ड रैपिड खिताब जीत लिया है। वह वर्तमान में आठ अंकों के साथ आठ खिलाड़ियों के समूह में हैं, जिसमें शीर्ष दावेदार अलीरेजा फरोजा और भारत के सुनीलदत्त नारायणन भी शामिल हैं। कारुआना, दानिल डुबोव और चीन के यू यांगई 8-5 अंकों के साथ संयुक्त नेताओं से थोड़ा पीछे हैं, जिससे चैंपियनशिप के निर्णायक चरणों में पहुं. चने पर कड़ी टक्कर की उम्मीद है। इस बीच, भारतीय सितारे आर प्रज्ञानानंद और मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी गुकेश 7-5 अंकों के साथ और पीछे हैं, जो 14वें स्थान पर बंधे एक बड़े समूह में हैं।

## घुटने की चोट के बाद शाहीन शाह अफरीदी बीबीएल से पाक लौटेंगे



**एडिलेड, वार्ता।** घुटने की चोट ने शाहीन शाह अफरीदी का बीबीएल में ब्रिस्बेन हीट के साथ सफर खत्म कर दिया है। पीसीबी ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया से वापस बुला लिया है ताकि फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए वह अपना रिहैबिलिटेशन शुरू कर सकें।

हीट के एक बयान में कहा गया है कि एडिलेड से टीम के लौटने के बाद अफरीदी का आगे रिव्यू किया जाएगाष, जहां वे बुधवार को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेंगे, जिससे पता चलता है कि उस प्रक्रिया के बाद अफरीदी पाकिस्तान लौट सकते हैं। अफरीदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि मैं ब्रिस्बेन हीट टीम और फैंस का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतना प्यार और सपोर्ट दिया। एक अप्रत्याशित चोट के कारण, मुझे पीसीबी ने वापस बुला लिया है और मुझे रिहैब करना होगा। उम्मीद है, मैं जल्द ही मैदान पर वापस आऊंगा। इस बीच, मैं इस शानदार टीम को चीयर करूंगा। हीट टॉम अलसोप (घुटने की चोट) और नाथन मैकस्वीनी (टखने की चोट) का भी इंतजार कर रही है, जिन्होंने ट्रेनिग फिर से शुरू कर दी है। बीबीएल में अपने पहले सीजन में, अफरीदी पाक क्रिकेटरों के एक मजबूत दल का हिस्सा थे, जिसमें बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ जैसे खिलाड़ी शामिल थे। लेकिन वह सिर्फ चार मैच खेल पाए और उनका समय बहुत यादगार नहीं रहा: सिर्फ दो विकेट और 11.19 की इकॉनमी रेट।

## खालिदा जिया के निधन पर बांग्लादेश में शौक के कारण बीपीएल मैच रद्द



**ढाका, वार्ता।** अधिकारियों ने बताया कि बंगलादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद देश में राष्ट्रीय शोक के कारण मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) टी-20 मैच रद्द कर दिए गए।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से ज्यादा समय तक देश के उथल-पुथल भरे राजनीतिक जीवन में एक प्रभावशाली हस्ती रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिया, जिनका जन्म 1945 में वर्तमान पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था, पिछले अगस्त में 80 साल की हो गई थीं। अधिकारियों ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। एक बयान में, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की चेयरपर्सन और पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बीसीबी ने कहा कि उसने देश में क्रिकेट की प्रगति के लिए उनके निरंतर आशीर्वाद और सद्भावना को कृतज्ञता के साथ याद किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने खेल के विकास के लिए मजबूत समर्थन दिया, जिससे क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में सुधार और देश भर में खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

# रोहित-विराट का टेस्ट से संन्यास साल की बड़ी घटना रही



**यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ**

**जिसमें ऐतिहासिक जीत व रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का खेल के सबसे लम्बे फॉर्मेट टेस्ट से संन्यास 2025 की सबसे बड़ी घटना रही। यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ, जिसमें ऐतिहासिक जीत और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए, हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं। साल की शुरुआत भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए एक शानदार जीत के साथ हुई, जब उन्होंने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। 9 मार्च को, भारत ने दुबई में खेले गए एक रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया और पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। रोहित शर्मा ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, फाइनल में महत्वपूर्ण 76 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस जीत के साथ भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, जिससे वैश्विक क्रिकेट में एक मजबूत टीम के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई। महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर तब हासिल हुआ जब भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की और उसे जीता। सितम्बर के आखिर से 2 नवम्बर तक, भारत की महिला टीम ने असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, जिसका नतीजा नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के रूप में निकला। यह भारत की पहली महिला क्रिकेट विश्व कप जीत थी, जो देश में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था और इसने पूरे देश में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया। सितम्बर में उत्साह जारी रहा जब भारत ने एशिया कप (टी-20) का खिताब बरकरार रखा, 28 सितम्बर को दुबई में एक और हाई-प्रोफाइल मुकाबले में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार एशिया कप जीतकर अपना रिकॉर्ड बढ़ाया, जिससे महाद्वीप में टी-20 फॉर्मेट में उनका दबदबा और मजबूत हुआ। इस जीत का पूरे देश में बड़े पैमाने पर जश्न मनाया गया, प्रशंसकों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और तनावपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों के लचीलेपन और कौशल की सराहना की।

जनवरी में भारत का दबदबा रहा, उसने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज क्रमश: 4-1 और 3-0 से जीतीं। दोनों टीमों ने इस साल एक और द्विपक्षीय सीरीज खेली। अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद, युवा शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया, जिससे भारतीय क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत हुई।

# सीएफआर की रिपोर्ट

क्या भारत-पाक के बीच 2026 में युद्ध हो सकता है ऐसी आशंका अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑफ फॉरन रिलेशन्स (सीएफआर) ने व्यक्त की है। यह अमेरिका का बड़ा थिंक टैंक है। सीएफआर ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत-पाक के बीच फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में कश्मीर में आतंकी घटना को बड़ा कारण बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर कश्मीर में आतंकी घटना बढ़ती है तो वह दोनों में युद्ध का रूप ले सकती है। इसके अलावा रिपोर्ट इशारा करती है कि दोनों ही देश रक्षा बजट पर भारी भरकम राशि खर्च कर रहे हैं। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इस रक्षा सौदे में ड्रोन, एयर मिसाइल और बम शामिल हैं तो वहीं दूसरी ओर पाक भी तुर्की और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है। हालांकि रिपोर्ट बताती है कि पाक और अफगानिस्तान के बीच भी हालात अच्छे नहीं हैं। वहां भी संघर्ष हो सकता है। रिपोर्ट इजरायल फलस्तीन, इजरायल-इरान, चीन-ताईवान के बीच संभावित टकराव की भी चर्चा करती है। जाहिर है, यह रिपोर्ट जिस तरह तैयार की गई है, उसे केवल राजनीति से प्रेरित होकर तो खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि जिस तरह के हालात पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि रिपोर्ट काफी सच्चाई के नजदीक है, क्योंकि जितने भी संकट रिपोर्ट में बताए गए हैं वे जगजाहिर हैं और जमीन पर भी साफ दिखाई दे रहे हैं। सीएफआर अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। यह संस्था अमेरिका की विद.ेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। इसमें पूर्व राजनयिक सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी जारी करता है। साथ ही यह भी बताता है कि यदि इस तरह के संघर्ष होते हैं तो उसका अमेरिकी हितों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि यदि भारत-पाक के बीच युद्ध होता है तो इसका सीधा असर अमेरिकी हितों पर पड़ेगा। अब यह तो कहना मुश्किल है कि समय के साथ यह रिपोर्ट कितनी सच्चाई में बदलती है लेकिन हां एक बात साफ है कि भारत-पाक के जिस तरह के रिश्ते आज दिखाई दे रहे हैं और कश्मीर में जैसी आतंकी घटनाएं बढ़ रही हैं और बताया जा रहा है कि 30 विदेशी आतंकी अभी भी वहां सक्रिय हैं और बड़ी संख्या में आने की तैयारी कर रहे हैं। गत दस मई को एक आतंकी घटना को लेकर हुए संघर्ष में युद्ध विराम भी हो गया था। ऐसी परिस्थितियां बताती हैं कि दक्षिण एशिया के हालात बेहद खतरनाक मोड पर हैं। रूस, यूक्रेन युद्ध पहले से ही चल रहा है। ऐसे में जरूरत शांति के प्रयासों की है, क्योंकि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है।

## एआई का वैश्विक केंद्र बनेगा उत्तर प्रदेश



वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा, प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे ब्रांड यूपी को देश और दुनिया में पहचान मिली है, लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# हर प्रदेश अपने-अपने तरीके से कहता है हैप्पी न्यू ईयर



**श्वेता गोयल**

नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सुईयों द्वारा जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजियों का धूमधड़ाका शुरू हो जाता है और एकबारगी तो यही अहसास होता है कि मानो डेढ़-दो माह बाद एक बार फिर से दीवाली का त्यौहार लौट आया हो। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे। दुनियाभर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं।

हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवत: दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत और विक्रमी संवत दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत के अनुसार नव वर्ष की शुरुआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत के अनुसार नए साल की शुरुआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत के आधार पर नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है।

बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्ष-महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है।

बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरूआत मानी जाती है। जम्मू कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष वैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरुआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरुआत मानी जाती है।**

# संभावनाओं से भरा हुआ योग का क्षेत्र

**अब तो विभिन्न भाषाओं के अखबार और पत्र-पत्रिकाएं भी किसी जाने-माने और प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञ को अपने लिए कॉलम लिखने को भी आमंत्रित करने लगे हैं। इसके लिए भी योग विशेषज्ञों को मोटी रकम दी जाती है और यह उनके लिए रोजगार का शानदार अवसर उपलब्ध कराता है। निजी और सार्वजनिक दोनों ही क्षेत्रों में काम करने वाले इस तरह के पेशेवर लोगों के नियोक्ता योग के माध्यम से इसका समाधान खोजते हैं और उनके लिए योग के विशेष सत्र आयोजित करवाते हैं। इसमें योग विशेषज्ञों और पेशेवर योगकर्मियों की मदद ली जाती है। विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त ये पेशवर योगकर्मी तनाव दूर करने और इससे निपटने के लिए कई तरह के आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हैं ताकि तनाव बाहर निकले और उससे निपटा जा सके।**

वैश्वीकरण के तेजी से प्रसार और विकसित एवं विकासशील दोनों ही तरह के देशों के लोगों की जीवनशैली तथा खान-पान की आदतों में आमूल परिवर्तन से योग संभावनापूर्ण करियर और रोजगार के शानदार अवसरों वाले नवीनतम क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। रोजगार के अवसरों के अनगिनत द्वार खुलने से ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के नई पीढ़ी के शिक्षित नौजवान इसमें उपलब्ध अवसरों की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। योग के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक लोगों के लिए अपार संभावनाएं हैं।

### शिक्षा

शिक्षा सबसे अधिक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। योग में डिग्री और डिप्लोमा हासिल करने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की तलाश कर सकते हैं। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और केन्द्र तथा राज्य सरकारों की अनगिनत अन्य शिक्षा संस्थाएं ऐसे नौजवानों को रोजगार के विभिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करते हैं।

इन संस्थाओं में योग प्रशिक्षक की नियुक्ति विद्यार्थियों तथा शैक्षिक संकाय के सदस्यों को चिंताओं और तनाव से निपटने के सही तौर-तरीके बताने के लिए की जाती है। यह तनाव और चिंताएं नौकरियों की बढ़ती मांग और भिक्षा में एक दूसरे से आगे बढ़ने की अंधी दौड़ की वजह से पैदा होते हैं। योग प्रशिक्षक विद्यार्थियों को कक्षाओं में उनके निर्धारित योग पाठ्यक्रम के बारे में भी बताते हैं। राज्य सरकारों ने सभी स्कूलों में योग शिक्षा को अनिवार्य बना दिया है और इसके लिए हर साल हजारों योग शिक्षकों की नियुक्तियां की जाती हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी योग विषय पढ़ाने के लिए शैक्षिक संकाय सदस्य होते हैं, जो प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के तौर पर नियुक्त किए जाते हैं। योग के पेशेवर विशेषज्ञों को सार्वजनिक और निजी दोनों ही क्षेत्र की शिक्षा संस्थाओं में निदेशक, उप-निदेशक, परामर्शदाता आदि के रूप में भी नियुक्त किया जाता है। उनका वेतन और विभिन्न भत्ते कई बातों पर निर्भर रहते हैं जैसे पदक्रम, शिक्षा का स्तर, अनुभव, व्यावसायिक योग्यताएं जैसे डिग्री या डिप्लोमा आदि। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि योग से संबंधित नौकरियों के बाजार में वेतन संबंधी कोई पाबंदियां नहीं हैं।

### स्वास्थ्य क्षेत्र

आज के सूचना टेक्नोलॉजी के युग में लोगों की जीवन-शैली में ऐसे नाटकीय मोड़ और बदलाव आए हैं कि उनके जीने के तौर-तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। मनो-दैहिक विकारों और मानसिक अशांति के साथ-साथ चिंताएं और तनाव ने योग को सबसे कारगर वैकल्पिक उपचार पद्धति बना दिया है। इनसे निपटने में योग का नुस्खा बड़ा अचूक साबित हुआ है। इसी कारण आज अस्पतालों, स्वास्थ्य क्लबों और स्पा सैलून आदि में नौकरियों की बाढ़-सी आ गई है।

### होटल और पिकनिक स्थल

आज के जमाने के होटल और रिसॉर्ट तनाव कम करने और मनो.रंजन करने के स्थान मात्र नहीं हैं। यह सभी स्थान अब मानसिक तौर पर तरोताजा होने और आध्यात्मिक उन्नति के केन्द्र भी बन गए हैं। लोग होटलों और अन्य सुंदर पिकनिक स्थलों में पूरे परिवार के समेत मौज-मस्ती के साथ-साथ योगाभ्यास के विभिन्न सत्रों में भाग लेने के लिए भी आने लगे हैं। यही वजह है कि आज होटल और पिकनिक रिसॉर्ट मेहमानों को योगाभ्यास सिखाने के लिए योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नियमित आधार पर काम पर रखने लगे हैं।

### जिमनेजियम और लाफिंग क्लब

आज के जमाने के जिमनेजियम में योग सबसे नई चीज है। लोगों को योग का अभ्यास कराने और योग के बारे में जानकारी देने के लिए योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाते हैं जो लोगों को शारीरिक रूप से चुस्त और मानसिक तौर पर दुरुस्त रखने के बारे में बताते हैं। इन दिनों लाफ्टर क्लब भी बड़े लोकप्रिय हो चले हैं जहां लोगों को बताया जाता है कि योगाभ्यास के माध्यम से किस तरह चिंताओं और तनाव से मुक्त जीवन जिया जाए। यह कार्य योग शिक्षक ही करते हैं। इनमें भी योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नौकरियां मिल सकती है और वे मोटी कमाई कर सकते हैं।

### दृश्य और मुद्रित मीडिया

लगभग सभी टेलीविजन चैनल स्वास्थ्य संबधी मुद्दों को लेकर कोई न कोई कार्यक्रम चलाते हैं जिनमें दर्शकों को अपने आप को विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों से मुक्त रखने और कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं की रोकथाम के नुस्खे बताए जाते हैं। यह टेलीविजन चैनल इसके लिए योग विशेषज्ञों को नियमित आधार पर रखते हैं और उन्हें अच्छा-खासा वेतन भी देते हैं।

# दिल्ली से तीन दिन के लिए त्रिशूर की हसीन वादियों का ट्रिप बनाएं

ऐसा शायद ही कोई हो जिसको घूमना-फिरना पसंद न हो। इसलिए जब भी वीकेंड या लंबी छुट्टी मिलती है, तो लोग फैमिली, पार्टनर या दोस्तों के साथ अपनी पसंदीदा जगह घूमने पहुंच जाते हैं। बता दें कि वैसे तो दक्षिण भारत में घूमने के लिहाज से कई फेमस जगहें हैं, लेकिन केरल राज्य में स्थित त्रिशूर एक ऐसी जगह है, जहां पर हर कोई घूमना पसंद करता है। कोच्चि और कोझिकोड के बाद त्रिशूर केरल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यह शहर बेहद खूबसूरत होने के साथ ही केरल राज्य की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। ऐसे में आप भी त्रिशूर घूमने के लिए 3 दिन की ट्रिप बना सकते हैं।

**दिल्ली से त्रिशूर**

आपको बता दें कि दिल्ली से त्रिशूर पहुंचना बेहद आसान है। दिल्ली से त्रिशूर आप फ्लाइट, ट्रेन या सड़क मार्ग से जा सकते हैं। वहीं ट्रेन से सफर करना सस्ता और आरामदायक साबित हो सकता है।

**हवाई यात्रा**

अगर आप हवाई यात्रा के जरिए त्रिशूर पहुंचना चाहते हैं, तो बता दें कि सबसे नजदीकी हवाई अड्डा कोच्चि है। जो करीब 67 किमी है। यहां से आप कैब या लोकल टैक्सी के जरिए त्रिशूर पहुंच सकते हैं। वहीं फ्लाइट का किराया 8 हजार रूपए के आसपास हो सकता है।

**ट्रेन**

दिल्ली से त्रिशूर के लिए कई ट्रेनें चलती हैं। यह ट्रेनें दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से त्रिशूर के लिए हैं। ट्रेन के जरिए दिल्ली से त्रिशूर पहुंचने के लिए किराया करीब 2000 रूपए के आसपास हो सकता है।

**सड़क मार्ग**

यदि आप सड़क मार्ग से त्रिशूर जाना चाहते हैं, तो इसमे काफी लंबा समय लग सकता है। वहीं खर्च भी अधिक हो सकता है। ऐसे में आप फ्लाइट या ट्रेन के जरिए आसानी से त्रिशूर पहुंच सकते हैं।

**स्टे के लिए बेस्ट जगहें**

यह जगह सिर्फ दक्षिण भारत या केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का टॉप डेस्टिनेशन है। त्रिशूर में आपको सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी मिलेंगे। आपको यहां पर बहुत कम पैसों में गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट और होटल आदि मिल जाएंगे। त्रिशूर में स्टे के लिए आप होटल पैलेस टावर, लेमन रेजीडेंसी, नाइस विला, दान रेजीडेंसी और ग्रीन प्लाजा आदि में रूम बुक कर सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको खाने-पीने की सुविधा भी आसानी से मिल जाएगी। वहीं त्रिशूर में कई रिसॉर्ट घूमने के लिए गाड़ी भी देते हैं, लेकिन इसका अलग से चार्ज देना होता है।

**घूमने वाली जगहें**

बता दें कि त्रिशूर में घूमने के लिए कई बेहतरीन और शानदार जगहें मौजूद हैं। जिनको आप 3 दिन की ट्रिप में आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**ट्रिप के पहले दिन**

यात्रा के पहले दिन आप चारपा वॉटरफॉल, अथिरापल्ली वॉटरफॉल और पीची डैम जैसी शानदार और मनमोहक जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। यह तीनों ही जगहें कुछ ही दूरी पर हैं। ऐसे में आप आसानी से इन तीनों जगहों को कवर कर सकते हैं।

**ट्रिप के दूसरे दिन**

यात्रा के दूसरे दिन आपके पास घूमने का पूरा समय होगा। ऐसे में इस दिन आप चार-पांच जगहों को आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप ट्रिप के दूसरे दिन बेसिलि.का चर्च, त्रिशूर जू एंड स्टेट म्यूजियम, थाप्पुरन पैलेस, हेरिटेज गार्डन और त्रिशूर में स्थित केरल कलामंडलम जैसी जगहें घूम सकते हैं। वहीं कुछ जगहों का इतिहास भी करीब से जान सकते हैं।

**ट्रिप के तीसरे दिन**

इस दिन आप कुछ चुनिंदा जगहों को एक्सप्लोर करने के बाद वापसी कर सकते हैं। तीसरे दिन आप विंटेज कार क्लब, त्रिशूर बैकवाटर, चावक्कड़ बीच, वजहचल वॉटरफॉल और गुरुवायुर कृष्ण मंदिर आदि घूम सकते हैं। वहीं चावक्कड़ बीच में आप वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।



## भारत की संस्कृति से रूबरू होने को जिंदगी में एक बार जरूर देखें ये Winter Festivals

गौरतलब है कि अक्टूबर खत्म होने के साथ ही सर्दियों की शुरुआत हो जाती है। दिसम्बर भी जाने को है, इसके साथ ही भारत में कई स्थानों पर विंटर फेस्टिवल की मेजबानी की जाती है। यहां पर जीवंत धार्मिक उत्सवों के अलावा, देश के विभिन्न हिस्सों में कई अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव देखने को मिलते हैं। इन त्योहारों में हस्तशिल्प, स्वादिष्ट व्यंजन, लोक संगीत और नृत्य शामिल हैं। रण उत्सव से लेकर सनबर्न उत्सव तक, आइए जानते हैं पांच भारतीय विंटर फेस्टिवल के बारे में, जिन्हें आपको अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य देखना चाहिए। रण उत्सव त्योहार भारत के सबसे लोकप्रिय शीतकालीन त्योहारों में से एक है, जो गुजरात के कच्छ जिले में मनाया जाता है। यह त्यौहार कच्छ के सफेद रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार की गति.विधियां होती हैं। ऊंट सफारी से लेकर सितारों को देखना और लोक संगीत से लेकर शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन तक, आपको यहां सब कुछ मिलेगा। इस महोत्सव की स्थापना 2006 में गुजरात पर्यटन द्वारा की गई थी। यह मूल रूप से तीन दिवसीय कार्यक्रम था लेकिन अब सर्दियों के मौसम में महीनों तक मनाया जाता है।

**शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल, मेघालय**

मेघालय में शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल एक अनोखा दो दिवसीय त्योहार है जो क्षेत्र में चेरी के पेड़ों के खिलने का जश्न मनाता है। इस साल यह, उत्सव 15 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। यह अनूठा उत्सव रॉक कॉन्सर्ट और फैशन शो जैसे कई समकालीन कार्यक्रमों की मेजबानी करता है, जिनका पर्यटक मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए आनंद ले सकते हैं।


अफजल फौजी




# गीत संगीत के बीच होगा नैनीताल में नववर्ष का स्वागत

## उच्च स्तरीय होटलों ने किए 31st को यादगार बनाने के इंतज़ाम



**नैनीताल।** सरोवर नगरी में नववर्ष के स्वागत व साल की विदाई के जश्न को लेकर नगर के उच्च स्तरीय होटलों में तैयारियां पूरी हो चुके हैं। लगभग ये सभी होटल एडवांस म पैक हो चले हैं। दो रात्रि तीन दिवसीय पैकेज में आकर्षक कार्यक्रम व गीत संगीत की धूम देखने को मिलेगी।

यूं तो नगर की मालरोड समेत अधिकांश होटल सज-धजकर तैयार हैं और अतिथियो की आवभगत में किसी तरह की कमी नही छोड़ना चाहते हैं। मगर नगर के चंद अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आला होटलों में इस बार खास तैयारियां की गइ हैं। जिनमे होटल नम: नैनीताल नए अवतार में दिल्ली का कारनामा बैंड के साथ सैलानियों की थर्टी फर्स्ट की शाम का यादगार बनाने जा रहा है। रेशमा भल्ला लाइव म्यूजिक के साथ कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण होंगी, जबकि नाना प्रकार के संकड़ों स्वादिष्ट व्यंजन व मनो. रंजन कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। साथ ही म्यूजिकल पार्टी के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम नरेश गुप्ता के अनुसार कुमाऊनी लोक संगीत को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। होटल शेरवानी हिलटॉप में लाइव संगीत के सुरों में जश्न मनाया जाएगा। गाला डिनर डीजे की अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक मनो. रंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनी रिट्रीट में म्यूजिकल पार्टी का आयोजन किया जाएगा। जीएम डी एस जीना के अनुसार म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के साथ वृद्धों व बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विक्रम विंटेज में डीजे के साथ कपल डांस व रंगारंग कार्यक्रम होंगे। बलरामपुर हाउस में लाइव म्यूजिक, बोर्न फायर व गाला डिनर की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में स्विस होटल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मालरोड, ठंडी सड़क समेत नगर के कई हिस्सों को रंगबिरंगी विद्युत मालाओं से सजा दिया है, जिससे नगर के सौंदर्य में निखार आ गया है। इधर समीपवर्ती खुर्पाताल स्थित खुर्पाताल लेक इन में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। होटल संच. ालक गणेश सिंह बिष्ट के अनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद जरूरी है।

LAKESIDE INN
THE MALL, NAINITAL
Tel.: (05942) 235777
E-mail: lakesideinnnainital@rediffmail.com
Finest Location:
19 Luxuriously Furnished Rooms facing the Lake., Cable T.V., Parking Facility, Restaurant, Doctor on call.

KHURPATAL LAKE INN
Facilities
Restaurant • Swimming Pool • Garden • Gym • Parking • Lift
Khurpatal, Nainital. U.K. India
8439952277 khurpatallakeinn@gmail.com

SHIVRAJ GROUP OF HOTELS
SHIVRAJ STAYS GROUP OF HOTELS
OUR PROPERTIES
• SWISS HOTEL & SPA • LA NIWASA LUXURY RESORT
• THE ACORN RESORT • PEAKS & PINES LANSDOWNE
• HOTEL SHIVRAJ, NAINITAL • SHIVRAJ LAKE VIEW SATTAL
For Special Offer
+91 8800114881 / 9410168044 / 8686167679
WWW.SHIVRAJSTAYS.COM

SINGH DENTAL & IMPLANT CENTER
IMPLANTS | ROOT CANAL | SMILE DESIGN | ADVANCED DENTISTRY
J K TOWER, NEAR BRIJLAL HOSPITAL, NAINITAL ROAD, HALDWANI, UTTARAKHAND, 263139
Ph. +91 9105257301

SARDAR SONS
THE MALL, NAINITAL - 263001
Phone: (05942) 235542 235047 ® 235831

MOON HOTEL NAINITAL
Superb Location Ample Car Parking Lift Facility
• Well Furnished Room Restaurant Facility Tour & Travel Service Moderate Rates Homely Comforts
Near A.T.I. Mallital, Nainital - 263 001 (Uttarakhand) Ph.: 05942-236318
E-mail: : moonhotelntl@gmail.com
Website: www.moonhotelnainital.in

SHANTA GROUP We Care OF HOTELS
HOTEL 05942-237054 09219420459 09837177649
SHANTA REGENCY (SITA KIRAN)
Opp. Boat House Club, Mall Road, Mallital, Nainital
E-mail : sanjiv_sachin@rediffmail.com

CLASSIC THE MALL
Mall Road, Nainital
Ph.: 05942-237704, Fax: 05942-235173
E-mail: info@classichotelsindia.com
www.classichotels4u.com

LEISURE HOTELS experience 'more'
THE NAINI RETREAT
Ayarpatta Slopes, Hari Bhawan, Mallital, Nainital-263001
Tel.: 235105, 235108, 9568466130
E-mail: nainital@leisurehotels.in

Hina Package Tour & New Hina Tour Travels
The Mall, Nainital (Uttrakhand)
Phone : 05942-237126, 231040

Hotel CITIZEN INN
Near Mall Road & Lake Haldwani Road, Tallital,Nainital
Ph.: (05942) 232300,
Mob.: 09719742488, 09412087877

HOTEL CHANNIRAJA
THE MALL, NAINITAL-263001, UTTARAKHAND
Mob.- 9412085857
Ph.- 05942-235624, 235643

HOTEL PRIM ROSE
The Mall, Nainital
Just Above The Mall
A Home away from home
• Spacious Parking Facility
• Amidst Beautiful Green Environment
• Spacious Rooms with all Modern Amenities.
Tel.: 05942-237524, Mob.: 9760467524
E-mail: primerose.hotels@gmail.com

Happy New Year
राजेन्द्र सिंह चिलवाल
अधिवक्ता नैनीताल

नव वर्ष 2026 महोत्सव की शुभकामनाएं
नैनी महिला एवं बाल विकास समिति
देवदार कॉटेज, पावर हाउस के निकट, सूखाताल, मल्लीताल, नैनीताल - 263001 (उत्तराखण्ड)
जिला विकास प्राधिकरण नैनीताल

Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12
Reg. Open 2026-27
Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in

SHERVANI HILLTOP, NAINITAL
Celebrate your social functions, enjoy a lavish dining experience with live singing at an affordable price !
Tel: +91 9411197601, 05942-233800, Email: nainital@shervanihotels.com
Website: www.shervanihotels.com

Quite simply the best...
Vikram Vintage Inn Nainital
SERVICES & FACILITES:
24 Hour in Room Entertainment
EPABX Facility
Wi-fi
Laundry
Doctor on Call
Courtesy City
Transportation
Private Parking
Billards Games
Indoor Games
Horse Riding
Boating/ Yatching/Trecking
VINTAGE INN:
Mallital, Nainital-263001 (Uttarakhand) India
Tele Fax: 05942-236177, 236179
E-mail: reservation@vintage.in.com, Website: www.vikramvintage.in.com